भाद्रपद कृष्ण पक्ष-प्रतिपदा, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 134 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
29 अक्टूबर 2023
रविवार

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
32 अधिकतम
17 न्यूनतम



Page- 7

### आखिरकार भाजपा ने विदिशा-गुना के उम्मीदवार घोषित किए

# सौ के फेर में भाजपा, शाह ने रूठों को मनाने के दिए मंत्र




**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

डैमेज की गहराई माप रहे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज खजुराहो,रीवा व उज्जैन के दौरे पर हैं, वे यहां भी पार्टी नेताओं से बात कर रहे हैं और बागियों के सुरों को समझने की कोशिश में हैं। उनके रडार पर आज सागर संभाग, समेत रीवा व शहडोल संभाग है,रात को वे उज्जैन में सभा के बाद इस संभाग की नब्ज टटोलेंगे। इधर भाजपा ने आज सुबह विदिशा से मुकेश टंडन और गुना से पन्नालाल शाक्य उम्मीदवार घोषित कर दिया। दोनों टिकट लंबे समय से फंसे थे। माना जा रहा है। शिवराज और शाह के बीच चर्चा के बाद इन नामों को हरी झंडी मिली।

आज सुबह शाह जब हवाई अड्डे जा रहे थे तो वीआईपी रोड पर रुककर उन्होंने राजा भोज की प्रतिमा पर मार्ल्यापण किया,उनके साथ सीएम शिवराज सिंह चौहान,वीडी शर्मा व अन्य नेता भी थे। खास बात यह है कि शाह और चौहान आज अलग अलग दौरे पर हैं। चौहान आज अपने निर्वाचन क्षेत्र बुधनी में रहेंगे व कई सभा रोडशो आदि करेंगे। उधर कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ आज छिंदवाड़ा से रायसेन पहुंचे और सभा की,इसके बाद वे कुरवाई में सभा लेंगे।

### शाह का राजा भोज को नमन...



**सौ सीटों पर शाह का फोकस :** तीन दिनी प्रवास के दौरान शाह की नजर भाजपा की चुनावी रणनीति, बगावत-डैमेज कंट्रोल पर है। सूत्रों की मानें तो अब तक हुए प्रयासों से शाह बहुत संतुष्ट नहीं हैं,लिहाजा उन्होंने कमान संभाली है ताकि दो नवंबर को नाम वापसी की तारीख तक अधिकतम डैमेज कंट्रोल हो सके।उन्होंने वरिष्ठ नेताओं को कहा है कि हर हाल में रूढे कार्यकर्ता को मनाया जाए। इसके अलावा शाह का फोकस लगभग सौ ऐसी सीटों पर है, जहां पिछली बार भाजपा का कमजोर प्रदर्शन रहा था। जबलपुर, भोपाल के बाद आज शाह उज्जैन,रीवा और कल ग्वालियर प्रवास के दौरान सीटों की ग्राउंड रिपोर्ट व कार्यकर्ताओं का मूड भांप रहे हैं। वे सत्ता-संगठन के नेताओं और चुनाव प्रभारी से चर्चा कर रहे हैं। पिछले चुनाव में भाजपा को मालवा-निमाड़ और ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में ज्यादा नुकसान हुआ था।

### वोट के विश्वास में पापड़ बेलते सारंग



**बपसा के स्टार प्रचारक बने भाजपा के रुस्तम !** बहुजन समाज पार्टी ने मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। इसमें बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी की पूर्व सीएम मायावती, आनंद कुमार, राज्यसभा सांसद रामजी गौतम, नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद, प्रदेश अध्यक्ष रमाकांत पिप्पल के साथ शिवराज सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहे रुस्तम सिंह को स्टार प्रचारक बनाया गया है। हाल में नाराज होकर सिंह ने बसपा का दामन थामा है।

### शाह के बयान पर दिग्विजय बोले-अफसरों को धमकाना गलत

कांग्रेस नेता व पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने आज एक्स पर केंद्रीय मंत्री अमित शाह को लेकर लिखा कि - 'असल में यह सत्ता का अहंकार है कि शाह अफ़सरों को धमका रहे हैं और शिवराज सरकारी पैसों को बाँटकर अपनी पीठ थपथपा रहे हैं। जनता के वोट से चुनी गयी सरकार ( यहाँ तो ख़रीदी गयी ) को चुनाव में जाने से पहले इस तेवर के लिए माफ़ नहीं करना चाहिए। लोकतंत्र बचाना है तो उन्हें हटाना ही पड़ेगा।' गौरतलब है कि दिग्विजय बीते दो दिन से लगभग 'एकांतवास' में थे। आज वे भोपाल में दक्षिण पश्चिम विस और नरेला विस क्षेत्र में कांग्रेस के चुनाव कार्यालय का उद्घघाटन कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि भाजपा की गुटबाजी इन दिनों चरम पर है जिसे ढांकने के लिए वह प्रायोजित रूप से कांग्रेस नेताओं में तथा मेरे और कमलनाथ के बीच अनबन की झूठी खबरें फैला रही है।



## केरल में ईसाइयों की प्रार्थना सभा में 3 धमाके

### अफरातफरी मची, शाह ने सीएम से की बात कई घायल, एक मौत



**कोच्चि , एजेंसी।**

केरल के एर्नाकुलम में कलामसेरी स्थित एक कन्वेंशन सेंटर में आज तीन जबरदस्त धमाके हुए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, जिस समय यह धमाके हुए उस समय कन्वेंशन सेंटर यहोवा के साक्षियों की प्रार्थना चल रही थी। धमाकों में एक शख्स की मौत हो गई है जबकि 20 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं जिन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस बीच गृह मंत्री अमित शाह ने केरल सीएम से धमाके के मुद्दे पर बात की हैं। एनएसजी की टीम भी केरल जाएगी। प्रशासन ने अस्पतालों को पूरी तरह से तैयार रहने को कहा है। बताया जाता है कि 'धमाका हॉल के बीच में हुआ। विस्फोट की तीन आवाजें सुनीं गई। वहीं मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कहा, ' यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। हम विवरण एकत्र कर रहे हैं।अभी एर्नाकुलम में सभी शीर्ष अधिकारी मौजूद हैं। दो लोगों की हालत थोड़ा गंभीर है। बताया गया है कि रविवार को इस तीन दिवसीय प्रार्थना सभा का आखिरी दिन था। अधिकारियों के मुताबिक, जिस वक्त यह धमाके हुए उस दौरान प्रार्थना सभा में करीब दो हजार लोग जुटे थे। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीणा जॉर्ज के ने कहा कि कालामसेरी धमाके को लेकर उन्होंने सभी अस्पतालों को अलर्ट कर दिया है। साथ ही छुट्टी पर गए सभी स्वास्थ्यकर्मियों को तुरंत काम पर लौटने के लिए कहा है।

### बुजुर्ग मालिक अस्पताल में

## पैंतीस लाख, डेट करोड़ के गहने और इनोवा लेकर फरार नौकर

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

हरियाणा के गुरुग्राम में एक बिजनेसमैन के बुजुर्ग माता-पिता को उनके घर में काम करने वाले दंपति ने खाने में नशीली दवा मिलाकर दी फिर वे लोग घर से 35 लाख रुपये कैश, 1.5 करोड़ के गहने और इनोवा कार लेकर फरार हो गए। लूट में उनका साथ दो और लोगों ने भी दिया। कुल चार लोगों ने इस लूटपाट को अंजाम दिया। खाना खाने से बुजुर्ग दंपति बेसुध हो गया। घर वालों को जब इसकी सूचना मिली तो वो तुरंत उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उनका इलाज जारी है।



आरोपी नौकर वीरेंद्र और उसकी बीवी यशोदा नेपाल के रहने वाले हैं। दोनों को बुजुर्ग दंपति ने कुछ दिन पहले ही काम पर रखा था। यह वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। बुजुर्ग दंपति के बेटे अचल गर्ग ने बताया कि वो बिजनेसमैन है और दिल्ली में उसका सारा कारोबार है। गुरुवार की सुबह अपनी बीवी और बच्चों के साथ जयपुर घूमने के लिए निकला घर में उसके बुजुर्ग माता-पिता अकेले थे। उसी दिन उसकी बहन निकिता का फोन आया. उसने बताया कि मम्मी-पापा बेसुध होकर घर पर बड़े हुए हैं और यहां लूटपाट भी हुई है।

## ओवररटेक के फेर में भीषण भिडंत, 7 मौतें

**हनुमानगढ़ एजेंसी।** राजस्थान के हनुमानगढ़ में तेज स्पीड में ओवरटेक करना एक परिवार को भारी पड़ गया। कार के सामने से आ रहे ट्रक में टकराने से तीन बच्चों सहित सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दो गंभीर घायल बच्चों को बीकानेर रेफर किया गया है। हादसा इतना भयावह था कि कार पूरी तरह से पिचक गई और कार के पार्ट्स दूर तक बिखर गए। यह दुघर्टना हनुमानग? सरदारशहर-मेगा हाइवे पर गांव लखूवाली शेरगढ़ के बीच हुई। पुलिस के मुताबिक रिट्ज कार में बच्चों सहित नौ लोग सवार थे नौरंगदेसर निवासी गुरबचन सिंह मजबी का परिवार गांव से अपनी कार में सवार होकर घर से चार किलोमीटर दूर गांव आदर्शनगर में एक बर्थडे पार्टी में शामिल होकर लौट रहे थे।

## इजराइली सैनिकों ने गाजा में घुसकर फहराया झंडा

### हमास ने कहा हमारे सैनिक छोड़ें, हम बंधकों को आजाद करेंगे

**तेलअबीव , एजेंसी।**

इजरायल और हमास में जारी जंग के तीसरे सप्ताह में इजराइल बहुत आक्रामक है और गाजा में गुरिल्ला वार में जुटा है। इजरायली सेना ने हमास के खिलाफ अपने हमलों को तेज कर रखा है तथा उसकी सेना धीरे-धीरे गाजा में घुस रही है और उसके टैंक भी गाजा में एंट्री कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि गाजा पट्टी में घुसे इजरायली सैनिकों ने कथित रूप से गाजा शहर में इजरायल का झंडा फहराया है। इसका एक वीडियो इजरायली पत्रकार हनन्या नफ्ताली ने एक्स पर शेयर किया है। हनन्या ने दावा किया, इजरायली सैनिकों से गाजा पट्टी में इजरायल का झंडा फहराय। जैसे निया ने आईएसआईएस को हराया, वैसे ही हम हमास को हरा रहे हैं। इस बीच इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने साफ कर दिया है कि हमास के खिलाफ जारी यह युद्ध लंबा और कठिन होगा। हमास ने मांग करते हुए कहा कि इजरायल सभी फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करे और बदले में वह बंधक बनाए गए सभी इजरायली नागरिकों को रिहा कर देगा। इस जंग में मरने वालों का आंकड़ा 9000 को पार कर गया है. ऐसे में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि इस युद्ध का दूसरा चरण शुरू हो गया है। नेतन्याहू ने गाजा आधीरात की भारी बमबारी को लेकर कहा कि कल शाम को हमारी सेना गाजा में घुसी। हमारा लक्ष्य हमास की सेना की बर्बादी और बंधक बनाए गए हमारे नागरिकों को सकुशल वापस लाना है।



## मोदी ने लोकल प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल पर दिया जोर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में आज 'वोकल फॉर लोकल' पर जोर दिया और स्थानीय उत्पाद खरीदने का आग्रह करने हुए कहा कि गांधी जयंती के अवसर पर दिल्ली में खादी की रिकॉर्ड बिक्री हुई है।




**मेट्रो एंकर** रोजगार की जद्दोजहद में उच्चशिक्षित युवकों की मजबूरी...

# 7वीं पास चपरासी पद के लिए बीटेक डिग्रीधारी लगे कतार में!

**कोच्चि, एजेंसी।**

नौकरियों के मामले में तमाम सरकारों और दलों के वादे,दावे सब कोरे नजर आते हैं, जब छोटे पदों के लिये उच्चशिक्षित युवा कतार में खड़े नजर आते हैं। ताजा मामला केरल का है, जहां सरकार ने राज्य में चपरासियों की नौकरी निकाली और नौकरियों के लिए योग्यता मांगी गई है 7वीं पास और साइकल चलाने में दक्षता। इस नौकरी के लिये भी आवेदन करने भारी संख्या में युवक एर्नाकुलम जा पहुंचे। यहां के सरकारी दफ्तर का आलम यह था कि सैकड़ों युवा धक्का-मुक्की कर रहे थे। लाइन लगवाई गई तो कई किलोमीटर की लाइन लग गई। नौकरी के लिए भले ही सातवीं कक्षा तक पढ़ाई की योग्यता मांगी गई हो लेकिन लाइन में हाइली एजुकेटेड युवक खड़े थे। बीटेक तक लाइन में थे। केरल सरकार ने चपरासी की इस नौकरी के लिए शुरुआती वेतन 23हजार प्रति माह रखा है। उम्मीदवारों ने कहा कि वेतन भी अच्छा है, वहीं यह एक सुरक्षित नौकरी है। राइड-हेलिंग या फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म में शामिल होने का कोई जोखिम नहीं है। इसके अलावा, कोई शिफ्टिंग का संझट नहीं है। लिहाजा चपरासी की नौकरी के लिये पहुंचे कोच्चि निवासी प्रशांत के पास बैंकिंग में डिप्लोमा था और वह एक कैफे चलाते हैं। उन्होंने कहा कि 'मैं पिछले कुछ वर्षों से अच्छी आय के साथ एक सुरक्षित नौकरी पाने की कोशिश कर रहा हूं।' इसी कतार में कोच्चि के एक बीटेक स्नातक विवेक भी कतार में थे। उन्होंने कहा कि सुस्त नौकरी बाजार में एक आकर्षक वेतन के साथ नौकरी हासिल करना एक चुनौती बन गई है।



### साइकिलिंग टेस्ट तक दिया

दिलचस्प बात इस नौकरी के लिये साइकिल चलाने की योग्यता वाली शर्त है। साइकिल अब परिवहन का साधन नहीं है, लेकिन सरकारी नियम अभी तक नहीं बदला है। लिहाजा करीब 101 उम्मीदवारों ने 'साइकिलिंग टेस्ट' पास किया।अब उनके पास धीरज की परीक्षा है और 'रैंक सूची' के लिए एक लंबा इंतजार। बताया जाता है कि साइकिल कार्यालय सहायकों के लिए परिवहन का साधन कभी हुआ करता था। मगर नियम की किताब में अब तक शुमार है। पहले अंतिम श्रेणी के सेवकों के तहत विभिन्न नौकरियों के लिए साइकिल परीक्षण अनिवार्य था, लेकिन सरकार ने इसे लगभग 10 साल पहले समाप्त कर दिया था। अब परीक्षा केवल कार्यालय सहायकों के लिए अनिवार्य है।अधिकारी असहाय होने का अनुरोध करते हुए कहते हैं कि राज्य ने अभी तक पुराने नियमों को नहीं बदला है।

# प्रदूषण–गंदगी फैलाने वालों पर इस बार जुर्माना, अगली बार कड़ी कार्यवाही

**खुले में भट्टी तंदूर का उपयोग कर रहे थे कुछ होटल व रेस्टोरेंट संचालक, फैला रहे थे प्रदूषण**

**खुले में और सड़कों पर कचरा फेंकने वालों पर लगाया 25 हजार का जुर्माना**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शहर में प्रदूषण फैलाने और गंदगी करने वालों पर निगम ने लगाम कसना शुरू की है। निगम ने एक ही दिन में ऐसा करने वाले दर्जन भर लोगों के खिलाफ कार्यवाही की है। पहली कार्यवाही खुलेआम भट्टी तंदूर का उपयोग कर प्रदूषण फैलाने वाले होटल, रेस्टोरेंट संचालकों पर की है तो दूसरी कार्यवाही सड़कों पर व खुले में कचरा फेंकने वालों पर की है।



**ये फैला रहे थे प्रदूषण:** शनिवार को राजहंस, मुगल दरबार होटल और जमजम रेस्टोरेंट पर कार्रवाई करते हुए मौके से जुर्माना वसूल किया। वहीं रेस्टोरेंट के खिलाफ न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किया जाएगा। एनजीटी के निर्देशों के बाद खुले में तंदूर भट्टी का उपयोग करने वाले प्रतिष्ठानों पर नगर निगम द्वारा कार्रवाई शुरू की गई है। नगर निगम ने जोन क्रमांक चार के अमले ने होटल राजहंस, मुगल दरबार होटल के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो-दो हजार रुपये की जुर्माना राशि वसूल की। जबकि जमजम रेस्टोरेंट के खिलाफ प्रकरण न्यायालय में पेश किया जाएगा। एनजीटी द्वारा खुले में तंदूर, सिगड़ी, भट्टी आदि जलाकर प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने को कहा था जिसके बाद निगमायुक्त फ्रैंक नोबल ए द्वारा कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

## 105 लोगों ने खुले में फेंका कचरा, 25 हजार जुर्माना लगाया

शहर के अलग–अलग क्षेत्रों में 105 लोगों रे खुले में कचरा फेंका, निगम ने इनकी पहचान की और इन पर कार्यवाही करते हुए 25 हजार रुपये जुमार्ना लगाया है। पूर्व में निगमायुक्त फ्रैंक नोबल ए ने इस तरह की कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे। निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा सड़कों, फुटपाथों, सार्वजनिक स्थानों आदि पर गंदगी फैलाने, सीएंडटी वेस्ट फैंकने, पालीथीन, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग और बिना अनुमति के सड़कों पर स्टाल आदि लगाने वालों और पेयजल से वाहन धोने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। जोन क्रमांक 15 के तहत वार्ड नंबर 62 में बिना अनुमति के मुख्य मार्ग पर केनोपी लगाकर प्रचार-प्रसार करने वाले मोटर साइकिल पर दो हजार रुपये, इसक अलावा जोन चार में 25 प्रकरणों में चार हजार 100 रुपये, जोन पांच के 24 प्रकरणों में नौ हजार रुपये, जोन 14 के 33 प्रकरणों में पांच हजार 300 रुपये एवं जोन 18 के 17 प्रकरणों में चार हजार 400 रुपये जुर्माना वसूल किया है।

### महिला आयोग से युवती ने लगाई गुहार...

# पति बता रहा शादी को कॉलेज के नाटक की रिहर्सल, ब्लैकमेल करने का आरोप

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र महिला आयोग के पास एक दंपति का एक अनोखा मामला पहुंचा है। मामले में 27 वर्षीय पत्नी ने महिला आयोग से मदद की गुहार लगाते हुए कहा है कि पति शादी को झूठ बता रहा है और साथ रखने के लिए तैयार नहीं है। मामले में युवती कोई पुलिस शिकायत नहीं चाहती और उसकी बस एक जिद है कि उसे ताउम्र युवक के साथ ही रहना है। वहीं मामले में पति ने अपना पक्ष रखते हुए कहा है कि युवती झूठ बोलकर उसे फंसा रही है। कॉलेज के नाटक के लिए हुई रिहर्सल को हथियार बनाकर, युवती उसे और उसके परिवार को ब्लैकमेल कर रही है। युवक का कहना है कि उसकी तीन साल पहले शादी हो चुकी है और छह माह का बेटा भी है। मामले में आयोग ने स्थानीय थाने को जांच के लिए कहा है। साथ ही युवक से बात कर वास्तविकता जानने का प्रयास किया जा रहा है।



**आयोग ने स्थानीय थाने को जांच के लिए कहा, वास्तविकता जानने का प्रयास जारी**

## छह साल पहले हुई मुलाकात, घर मांग में सिंदूर भरकर की शादी

युवती का आरोप है कि ऐशबाग थाना क्षेत्र निवासी युवक से उसकी मुलाकात छह साल पहले हुई थी। एक साल बाद उनमें निकटता बढ़ गई तो युवती ने शादी के लिए दबाव बनाया। इस दौरान युवती लगातार युवक के घर पर उससे मिलती रही। युवक का अपना घर है, लेकिन परिवार ग्वालियर में होने के कारण युवक अपने दोस्तों के साथ यहां रहता था। चार साल पहले युवक ने दोस्तों और एक पंडित जी की मौजूदगी में घर के मंदिर में ही उसकी मांग में सिंदूर भर और वरमाला डालकर उससे शादी की थी।

### बहन का बहाना बनाकर दिलाया अलग घर

युवती के अनुसार, कुछ समय बाद युवक ने कहा कि उसकी बहन गांव से उसके साथ रहने आ रही है। उसने पीड़िता को एक फ्लैट किराए पर दिलाया और उसके बाद वह दोनों उसी में मिलते रहे। युवती ने कहा कि उसे आठ माह पहले ही जानकारी मिली कि युवक दूसरी शादी कर चुका है।

### पुलिस के झमेले में नहीं पड़ना चाहती

युवती ने यह आरोप भी लगाया कि जब उसने इस बारे में बात की तो उसे धमकी दी गई कि उल्टा उसे और उसके पूरे परिवार को ब्लैकमेलिंग और अन्य केस में फंसा कर जेल भेज दिया जाएगा। युवती ने कहा कि वह पुलिस के झमेले में नहीं पड़ना चाहती, वह युवक की पहली पत्नी है और बिना तलाक उसकी दूसरी शादी निराधार है।

# इंटरनेट पर राजधानी के दो युवाओं का डंका

### फोर्ब्स की सूची में बनाया स्थान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

फोर्ब्स ने इंटरनेट की दुनिया में सिक्का जमा रहे युवाओं की जो सूची जारी की है उनमें मप्र के 6 युवाओं का जिक्र है इनमें भी दो भोपाल के हैं। इन उभरते युवा सितारों की सूची में युवाओं को 15 श्रेणियों में चुना गया है। इस सूची में युवाओं को रैंक के हिसाब से चयनित किया गया है। इनमें राजधानी के दो युवाओं में राशि प्रभाकर और नमन देशमुख शामिल हैं। राशि कोसूची में 20वीं रैंक मिली है, जबकि नमन देशमुख को 62वीं रैंक प्राप्त हुई। प्रदेश के अन्य युवाओं में कटनी के मोहित बालानी की 85वीं रैंक है। इंदौर के उज्जवल पाहवा को 77वीं, सिवनी के उगली गांव के रहने वाले शिवम पटले को 88वीं, इंदौर के ही राज शमानी को 78वीं रैंक प्राप्त हुई है।श हर की राशि प्रभाकर को इस सूची में 20वीं रैंक मिली है।

**फैशन में बदलाव बताती हैं राशि :** भोपाल की फैशन और लाइफस्टाइल इंफ्लुएंसर राशि के वीडियो को अब तक 50 मिलियन (05 करोड़) लोग देख चुके हैं। राशि का कहना है कि मैंने ऐसा काम चुना, जो मुझे खुशी देता है। यदि आप अपने काम को लेकर जुनूनी नहीं है तो ऐसे काम चुनें, जिसमें भले ही कमाई कम हो लेकिन वो आपको खुशी दे। राशि इंटरनेट की मदद से देश व दुनिया में फैशन आ रहे नए बदलाव की जानकारी देती हैं। उनके वीडियो पर एवरेज व्यू 7.22 लाख हैं।

### कंटेंट बना रहे हैं नमन



इस सूची में शहर के नमन देशमुख को 62वीं रैंक प्राप्त हुई है। नमन कस इंटरनेट मीडिया अकाउंट पर 6 मिलियन फालोअर्स हैं। इंस्टा पर 3.1 और फेसबुक पर 2.4 मिलियन फालोअर्स हैं। वे कहते हैं कि मैं 2019 से कंटेंट जुटा रहा हूं। पहले सॉफ्टवेयर डेवलपर का काम करता था, जिसमें टेक प्लस गैजेट के लिए नई तकनीक और गैजेट्स से जुड़े वीडियो बनाता रहा। इसके बाद मार्च-2022 में अपना काम छोड़कर अपने आप को इसी पर केंद्रित किया। मेरे वीडियो पर 21.16 लाख व्यूज हैं।

# संतनगर में पगड़ी रस्म के समय पार्किंग की समस्या का नहीं निकल रहा हल

### नए हॉल में गतिविधियों की अनुमति नहीं, एनजीटी की रोक

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सिंधी समाज में पगड़ी रस्म शोक संवेदना व्यक्त करने की रस्म है। समाज के ज्यादा से ज्यादा लोग इसमें जुटते हैं। संतनगर में कई जगह ऐसी हैं, जहां पगड़ी रस्म होती हैं, लेकिन जहां भी यह रस्म होती है। वहां वाहन पार्किंग के लिए पर्याप्त जगह न होना बड़ी समस्या है। समस्या के निदान के लिए बोरवन में पार्किंग के लिए पर्याप्त जगह वाला 50 लाख रूपये की लागत का पग?ी रस्म हॉल का बनाया गया। लेकिन, उद्घाटन के एक दिन पहले उस पर ग्रहण लग गया है। एनजीटी की आपत्ति के चलते यहां किसी भी तरह की गतिविधियों को आपराधिक कृत्य मानने का बोर्ड लगा हुआ है। वन ट्री हिल्स पर नगर निगम का आधा अधूरा पगड़ी रस्म हॉल बना पड़ा है, जिसकी वजह हाइटेंशन लाइन का होना है। हालांकि यहां भी पार्किंग के लिए जगह नहीं है।



**तीन जगहों पर हो रही पगड़ी रस्म:** समाज में पगड़ी रस्म शाम के समय आमतौर पर तीन जगहों पर नवयुवक सभा भवन, केटी शाहनी स्कूल और संस्कार स्कूल। कुछ लोग अन्य जगह भी पगड़ी रस्म करते हैं, यह जगह सभी के लिए उपलब्ध नहीं होती हैं। मौजूदा जिन तीन जगहों पर पगड़ी रस्म हो रही हैं, वह तंग इलाकों में हैं। लोगों को दूर वाहन खड़ा करके आना पड़ता है। कई बार रस्म खत्म होने के बाद वाहन निकालने में उतना वक्त लग जाता है, जितना शोक संवदेना व्यक्त करने में नहीं लगता। पगड़ी में 500 से एक हजार तक लोग पहुंचते हैं। शाम पांच से छह बजे के बीच यह रस्म होती है।

### सामुदायिक भवन में पगड़ी की अनुमति हो

*पगड़ी के समय पार्किंग की समस्या तो है। बोरवन पर हॉल बन गया था, लेकिन उसमें पगड़ी होना संभव नजर नहीं आ रहा है। मामला न्यायालयीन है, उस स्तर पर निपटेगा। उम्मीद कर रहे हैं नये पगड़ी रस्म हॉल में सुविधा मिल सकेगी। पंचायत सामुदायिक भवन में पगड़ी के लिए अनुमति देने की मांग करेगी। यहां वाहनों को खड़ा करने की जगह है।*

**माधु चांदवानी,** महासचिव पूज्य सिंधी पंचायत, संतनगर

# टीम प्रबंधन से लक्ष्य की सहज प्राप्ति संभव: व्याखयान

**भोपाल।** मैनेजमेंट एसोसिएशन एवं आई एस टी डी द्वारा व्यख्यानमाला श्रृंखला के अन्तर्गत विद्या भवन सभागार में डॉक्टर मनोज गौर ने 'टीम मैनेजमेंट के माध्यम से लक्ष्य प्राप्ति' विषय पर व्याख्यान में कहा किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति टीम प्रबंधन समन्वय एवम सहयोग से सहज की जा सकती है।उन्होंने कई उदहारण देकर कहा कि लक्ष्य के लिए योजना का आधार स्पस्ट एवम प्रभावी होना चाहिए चुनौती हो तो लक्ष्य पर पहुंचने का आनंद ही अलग होता है स्वस्थ मस्तिष्क से योजना बने तो सफलता मिलती है लीडरशिप प्रभावी हो तो लक्ष्य की सफलता निश्चित होती है आज हमे टेक्नोलॉजी का सदुपयोग करना है दुरुपयोग नही । बीएमए के अध्यक्ष सुनील भार्गव ने स्वागत भाषण दिया एवम बीएमए की गतिविधियों से अवगत कराया। कार्यक्रम मे पुर्व अध्यक्ष डॉ महेश शुक्ला प्रदीप करमवेलकर राजीव अग्रवाल अजय वर्मा जी सी चौकसे डॉ निष्ठा त्यागी डॉ रूपाली बजाज डॉ एस एस भाखर एवम बीएमए मैनेजर अमीर ख़ान भी उपस्थित थे। डॉ मनोज गौर को स्मृति चिन्ह जीके छिब्बर ने प्रदान किया



### उत्तरी हवाओं से बढ़ी सिहरन

**भोपाल।** उत्तर भारत से आ रही सर्द हवाओं से पूरे प्रदेश में सिहरन और बढ़ने लगी है। इसी क्रम में मंडला सहित 12 शहरों दतिया, गुना, ग्वालियर, रायसेन, राजगढ़, छिंदवाड़ा, बैतूल, नौगांव, रीवा, मलाजखंड एवं उमरिया में रात का तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से कम रहा। प्रदेश में सबसे कम 13.2 डिग्री सेल्सियस तापमान मंडला में दर्ज किया गया। वहीं, राजधानी में न्यूनतम तापमान 14.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस कम रहा। यह इस सीजन का सबसे कम तापमान रहा। उधर, शनिवार को प्रदेश में सबसे अधिक 33.9 डिग्री सेल्सियस तापमान धार में रिकार्ड किया गया।

**मेट्रो एंकर** — अखिल भारत सिंधी बोली, साहित्य सभा का प्रतिष्ठित सुहिणा सिंधी समारोह आज

# आठ हस्तियों का सम्मान, नाटक पोस्टकार्ड का मंचन होगा

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सिंधी बोली साहित्य सभा द्वारा भोपाल में सुहिणा सिंधी समारोह का आयोजन 29 अक्टूबर को होगा। शाम छह बजे से सिंधु भवन शिवाजी नगर में आयोजित कार्यक्रम में सिंधी समाज की हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा। जिन आठ विभूतियों को समारोह में सम्मान के लिए चुना गया, उनमें दो वरिष्ठ नागरिक जो 90 और 94 वर्ष के हैं, उन्होंने अपना जीवन अपनी विधा में समर्पण की भावना से कार्य करते हुए व्यतीत किया है।

समारोह कन्विनर अशोक मनवानी ने बताया कि सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शंभू जयसिंघानी कार्यक्रम में शामिल होंगे। मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष मनोहर ममतानी मुख्य अतिथि और राजेंद्र मनवानी विशेष अतिथि होंगे। सुहिणा सिंधी समारोह में भोपाल की कविता इसरानी के निर्देशन में साहित्य अकादमी पुरस्कृत लेखक खीमन यू मूलाणी के सिंधी नाटक पोस्टकार्ड का मंचन भी किया जाएगा।




**इन्हें मिलेगा सम्मान:** हीरो ठाकुर,नई दिल्ली (साहित्य अवार्ड), भगवान अटलानी,जयपुर (अदीब अवार्ड, मंजूश्री आसुदानी,नागपुर (संगीत अवार्ड), ज्ञानचंद लालवानी, भोपाल (पत्रकारिता अवार्ड), प्रताप राय तनवानी,भोपाल (फनकार अवार्ड), भोजराज खेमानी क्रांति,मुंबई(भाषा प्रमोशन अवार्ड), रमेश नानवानी,भोपाल (चित्रकला अवार्ड, किशोर लालवानी,नागपुर(नाटक अवार्ड)।

### हर साल आयोजन

अखिल भारत सिंधी बोली और साहित सभा ने साहित्य, नाटक, संगीत और चित्रकला जैसी विधाओं के लिए कार्य करने वाले समाज बंधुओं को प्रतिवर्ष पुरस्कार देना प्रारंभ किया। इन पुरस्कार समारोहों में संगीत, नृत्य और नाटक की पेशकश की परम्परा प्रारंभ की गई। इस वर्ष कार्यक्रम के लिए भोपाल का चयन किया गया है।

### भाषा, साहित्य के लिए प्रयास

विभाजन के पश्चात सिंधी समुदाय रोजी रोटी के लिए संघर्ष में लगा रहा। संघर्ष में भाषा और संस्कृति का संरक्षण उसकी चिंता नहीं रह सका। लेकिन वर्ष 1957 में दिल्ली में कुछ प्रबुद्ध सिंधी बंधुओं ने आल इंडिया सिंधी बोली कन्वेंशन आयोजित किया। कन्वेंशन में साहित्यकार, कलाकार, शिक्षाविद और समाज सेवी शामिल हुए। अगले वर्ष मुम्बई में सिंधी साहित्य सम्मेलन हुआ। इसके बाद नागपुर, गांधीधाम, भोपाल, जयपुर, लखनऊ, बंगलौर, अल्वर, मुम्बई, दिल्ली, उल्हासनगर, पालीताना, ब?ौदा और इंदौर शहरों में सम्मेलन हुए। देश के तत्कालीन राष्टपति और प्रधानमंत्री सहित देश की प्रमुख हस्तियों ने सिंधी भाषा और साहित्य सम्मेलनों में अतिथि के रूप में सम्मलित हुए।



महेश्वर दौरे के मौके पर महिलाओं संग भोजन करते सीएम शिवराज सिंह।



शिवपुरी में बूथ कार्यकर्ताओं के बीच ज्योतिरादित्य सिंधिया।



दमोह में सभा मंच पर कांग्रेस नेताओं के साथ प्रियंका गांधी।

### कांग्रेस ने प्रियंका के सहारे साधा बुंदेलखंड

# चुनावी अखाड़े में शाह की मौजूदगी ने नया रंग घोला

भोपाल, दोपहर मेट्रो

मप्र की राजनीति में विधानसभा चुनाव ने सरगर्मी घोल दी है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह के कल से मप्र में जारी दौरे से भाजपा अलर्ट मोड पर है तो बागियों को भी नसीहतें दी जा रही हैं और भाजपा अपने विरोधियों को चुनौती दे रही है। वहीं कांग्रेस की तरफ से प्रियंका गांधी ने दमोह में मोर्चा संभालकर भाजपा की मप्र सरकार को चुनौती दी कि सुनहरे दौर का दावा करने वाली सरकार से पूछें कि यह सुनहरा प्रकाश लोगों की चौखट तक क्यों नही आया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रियंका की झूठ की दुकान बताया।

## बहस की चुनौती दी शाह ने

छिंदवाडा में सभा लेकर केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस नेताओं को निशाने पर रखा। उन्होंने कमलनाथ व दिग्विजय सिंह पर हमले किये और कहा कि हमसे पूछते हैं कि आदिवासियों के लिए क्या किया? मैं बता देना चाहता हूं कि आजादी के कई साल बाद स्व. अटलजी की सरकार ने जनजातीय मंत्रालय बनाया, जनजाति आयोग को संवैधानिक दर्जा दियाै;23 जनजातियों को सूची में जोड़ा है। छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय का नाम शंकरशाह के नाम पर रखा। हबीबगंज रेलवे स्टेशन का नाम रानी कमलापति और पातालपानी स्टेशन का नाम जननायक टंट्या भील के नाम पर रखा है। नाथ को बहस की चुनौती देते हुए शाह ने कहा कि आदिवासी जनता भाजपा को जानती है और यह भी जानती है कि आदिवासियों के विकास और जनजातीय गौरव को ब?ाने का काम भाजपा की सरकार ने ही किया है। सभा को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल ने भी संबोधित किया।

मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशियों, नेपानगर से मंजू राजेन्द्र दादू, धरमपुरी से कालू सिंह ठाकुर और महेश्वर विधानसभा क्षेत्र से राजकुमार मेव के समर्थन में विशाल चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने कांग्रेस और प्रियंका गांधी के मध्यप्रदेश दौरे को लेकर जमकर निशाना साधा है व कहा कि फिर से झूठ की दुकान सज रही है। अगर साहस है तो मैडम प्रियंका सवालों का जवाब दें और स्वीकार करें कि पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने जो वचन-पत्र जारी किया था, वह झूठा था। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांगेस को भगवान राम और राम मंदिर से तकलीफ है। भगवान राम के होर्डिंग हटवाने वाले कांग्रेसियों, लोगों के दिलों से भगवान राम को कैसे निकालोगे।

## 18 साल बेवकूफ बनाया, दो महीने पहले गारंटी ले आए - प्रियंका

वहीं दमोह में प्रियंका गांधी ने कहा कि आज सरकार बता रही है कि देश का सुनहरा दौर आ गया है लेकिन मैं जानना चाहती हूं कि यह सुनहरा दौर आपकी चौखट तक क्यों नहीं पहुंचा, आपके जीवन में क्यों नहीं पहुंचा है? आप तो गरीब के गरीब हैं आप अपने जीवन के संघर्षों में जूझ रहे हैं आपके घरों में और दमोह में आज भी पानी की किल्लत है। आज लोग बुंदेलखंड से पलायन क्यों कर रहे हैं? प्रियंका ने कहा कि भाजपा ने 18 साल महिलाओं को बेवकूफ बनाया और चुनाव से दो महीने पहले स्कीम लेकर आ गये लेकिन उनकी झूठ की गारंटी अब नहीं चलने वाली हैं। क्योकि अब मप्र में कांग्रेस की सरकार बनने वाली है और हमारी गारंटी पर इसलिए भरोसा कीजिए, क्योंकि कमलनाथ ने 15 महीने में गारंटियां पूरी करके दिखायी, कांग्रेस सरकारों ने हिमाचल, राजस्थान और छत्तीसग? में पुरानी पेंशन लागू की, कांग्रेस की सरकार बनने पर मप्र में भी होगी, कांग्रेस सरकार गेहूं का 2600 रू और धान का 2500 रू. समर्थन मूल्य देगी। प्रियंका गांधी ने कहा कि कमलनाथ ने आपको बताया है कि केंद्र में जब कांग्रेस की सरकार थी तो हमने बुंदेलखंड पैकेज देने का काम किया था

## शिवपुरी के बूथ पर सिंधिया

उधर, अपने प्रभावक्षेत्र शिवपुरी में सक्रिय ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि भाजपा के सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरने के दो कारण है, पहला प्रधानमंत्री का नेतृत्व और दूसरा भाजपा के कार्यकर्ताओं का संघर्ष व कड़ी मेहनत। कोलारस, खेराई, लुकवासा, थुबन, पिपरई, सेहराई, मुंगावली और बहादुरपुर मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते उन्होंने कहा कि भाजपा का हर एक कार्यकर्ता हमेशा से पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों का सच्चा संदेशवाहक रहा है। यही संगठन की असली शक्ति है, जिसने भाजपा को मध्यप्रदेश में इतने लम्बे समय तक सेवा करने का अवसर दिया। आज अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण बड़ी मेहनत से हुआ है।

# धैर्य रखें, मतदान सामग्री प्राप्त करने में हड़बड़ी न करें

## मतदान दल को दिया प्रशिक्षण, अच्छा व्यवहार करने की सीख भी दी

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग के दिन नजदीक आ रहा है। इस दिन मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्व और संवैधानिक तरीके से निपटे, इसके लिए कर्मचारियों से लेकर अधिकारियों तक को प्रशिक्षिण किया जा रहा है। उन्हें हर स्थिति से निपटने के तरीके बताए जा रहे हैं।

शनिवार को शहर के टीटी नगर मॉडल स्कूल में दिए गए प्रशिक्षण में भी इन्हीं बातों पर जोर दिया गया। मास्टर ट्रेनरों ने समझाइश दी कि हर स्थिति में धैर्य का परिचय दें, जल्दबाजी न करें। विपरित स्थिति में भी अच्छा व्यवहार करें और इसका प्रयास जारी रखें, मतदान सामग्री प्राप्त करने में बिल्कुल भी हड़बड़ी न दिखाएं। यह विशेष प्रशिक्षण था, जो दो पालियों में दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान एडीएम प्रकाश सिंह चौहान, डिप्टी कलेक्टर निधि चौकसे ने दल के अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। मास्टर ट्रेनर ने बताया कि सामग्री वितरण के लिए सभी काउंटर प्रभारियों को वितरण रजिस्टर दिया जाएगा। जिसमें मतदान दल को वितरित सामग्री को दर्ज की जाएगी। वितरण अधिकारी सुनिश्चित करेंगे कि इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन एवं मतदान सामग्री उसी केंद्र की हो जिसके लिए वह निर्धारित है। मास्टर ट्रेनर ने वापसी अधिकारियों को कहा कि मतदान सामग्री को संग्रहित करते समय सावधानी बरतें। प्रशिक्षण में बताया कि सामान वापसी के समय सभी लिफाफों व मशीनों की सील अच्छी प्रकार चैक करें। सामान लेते समय पीठासीन अधिकारी द्वारा भरा गया फार्म और डायरी के सभी कालम पूरे भरे हो। इसके अलावा पीठासीन अधिकारी की डायरी पूरी भरी हो तथा डायरी का कालम जरूर चेक करें।

## तकनीकी शिक्षा: इंजीनियरिंग में कल अंतिम दिन, आर्किटेक्चर में 31 अक्टूबर तक का समय

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा एक बार फिर प्रवेश प्रक्रिया शुरू की गई है। 27 से 30 अक्टूबर तक इंजीनियरिंग और 27 से 31 तक आर्किटेक्चर की काउंसलिंग की जा रही है। एआईसीटीई ने तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव मनु श्रीवास्तव को आदेश देते हुए कहा है कि वे 31 अक्टूबर तक प्रवेश करा सकते हैं। इसमें प्रदेश में संचालित दो दर्जन डिप्लोमा और यूजी-पीजी डिग्री कोर्स में प्रवेश होंगे। इसके चलते प्रदेश में नये कालेजों ने आमद दर्ज करा दी है, जिससे खाली सीटों का ग्राफ ब? गया है। एआईसीटीई ने प्रदेश में कई कालेजों को नये कोर्स संचालित करने के लिए कालेजों को मंजूरी दी है। इसमें इंजीनियरिंग, एमबीए, फार्मेसी, पॉलीटेक्निक शामिल हैं।

## बीयू: पीएचडी कोर्स वर्क का रिवाइज्ड टाइम टेबल जारी

भोपाल। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने पीएचडी कोर्स वर्क का रिवाइज्ड टाइम टेबल जारी किया है। नए टाइम टेबल के अनुसार कंप्युटर एप्लीकेशन की परीक्षा अब 22 नवंबर को होगी। 24 नवंबर को कंप्लसरी पेपर रिसर्च मेथडोलॉजी की परीक्षा होगी। वहीं 25 नवंबर को डांस, इंग्लिश, हिंदी,युजिक सहित 33 एडवांस कोर्सों की परीक्षा होगी। विवि ने संबंधित कोर्स समन्वयकों को 29 नवंबर तक अनिवार्य रूप से कांप्रिहेंसिव वाइवा आदि कार्य पूर्ण करने का आदेश जारी किया है।

# कक्षा 4 से 8वीं तक की अर्द्धवार्षिक परीक्षा स्थगित



भोपाल, दोपहर मेट्रो।

अधिकांश अधिकारी, कर्मचारी और शिक्षकों की चुनाव में ड्यूटी लगी है। इस कारण परीक्षा के लिए पेपर तक नहीं छप सके हैं। इसलिए सरकारी स्कूलों में कक्षा चार से आठवीं तक की अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। राज्य शिक्षा केंद्र ने 6 से 18 नवंबर तक परीक्षा आयोजित करने का शेड्यूल जारी किया था। बताया जा रहा है कि आरएसके के संचालक धनराजू एस ने बताया कि जल्द ही परीक्षाओं के लिए नया शेड्यूल जारी किया जाएगा। अब परीक्षाएं चुनाव संपन्न होने के बाद ही आयोजित की जाएंगी।

## 30 अक्टूबर से भरे जाएंगे पीजी तृतीय सेमेस्टर परीक्षा फॉर्म

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

पीजी तृतीय वर्ष के परीक्षा फॉर्म भरने की तारीख बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी ने तय कर दी है। यह सभी फॉर्म ऑनलाइन जमा होंगे। बीयू प्रबंधन का साफ कहना है कि तारीख निकलने के बाद किसी भी स्थिति में ऑफलाइन फॉर्म जमा नहीं किए जाएंगे। छात्र-छात्राएं सामान्य फीस के साथ 30 अक्टूबर से 21 नवंबर तक आवेदन जमा कर सकते हैं। इसके अलावा लेट फीस 300 रुपए के साथ 22 नवंबर तक फार्म जमा किए जाएंगे।






मेट्रो एंकर

### सभी कलेक्टरों ने पार्टियों को दिए दिशा-निर्देश

# अपने प्रत्याशियों का आपराधिक रिकार्ड खुद भी बताएं पार्टी

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

आपराधिक रिकार्डों की जानकारी अकेले आयोग को देने से कुछ नहीं होगा, बल्कि पार्टियों को उनकी वेबसाइट पर दिखाना भी होगा। ऐसा नहीं करने पर पार्टी के खिलाफ कार्यवाही हो सकती है।

दरअसल, राजनीतिक दलों को अपने प्रत्याशियों का आपराधिक रिकार्ड सार्वजनिक करना होगा। निर्वाचन आयोग ने सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि हुए प्रत्याशी को अपने पूर्व के और प्रचलित आपराधिक प्रकरण एवं दोष सिद्ध प्रकरण के संबंध में घोषणा करना होगा। राजनीतिक दलों को प्रत्याशियों द्वारा दिए गए स्वयं पर लंबित आपराधिक प्रकरण की जानकारी स्वयं की वेबसाइट पर भी अपलोड करनी होगी। इसको लेकर सभी जिलों के निर्वाचन अधिकारियों ने राजनीतिक दलों को निर्देश दिए हैं।

## प्रत्याशियों को यह भी करना होगा

नाम-निर्देशन पत्र के साथ शपथ पत्र (फार्म-26) में देना होगी। प्रत्याशी स्वयं पर लंबित अपराधिक प्रकरण के संबंध में ब? अक्षरों में विवरण भरेगा। यदि किसी राजनीतिक दल द्वारा द्वारा टिकट दिए जाने पर निर्वाचन लड़ रहा है, तो उसे स्वयं पर लंबित अपराधिक प्रकरण के संबंध में दल को सूचना देना जरूरी होगा। नामांकन जमा करने के बाद आपराधिक प्रकरण की जानकारी तीन बार समाचार पत्रों एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया में प्रसारित, प्रकाशित कराना होगा।



# फिर मत कहना हार्ट अटैक क्यों आ रहे हैं......

इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति के एक सुझाव ने लोगों में हलचल मचा रखी है। उनके बयान पर सोशल मीडिया में तमाम प्रतिक्रियाएं आने लगी हैं। देश में कार्य उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए भारत के युवाओं को हर हफ्ते 70 घंटे काम करना चाहिए वाले बयान को जेएसडब्ल्यू अध्यक्ष सज्जन जिंदल समेत कई लोगों का समर्थन मिला है। लेकिन इस मुद्दें पर चिकित्सकों की राय पूरी तरह से अलग है। वहीं अन्य तबके भी इस पर आश्चर्य चता रहे हैं। सोशल मीडिया में एक पोस्ट करते हुए डॉ. दीपक कृष्णमूर्ति ने एक औसत पेशेवर के काम और अन्य प्रतिबद्धताओं के बीच दिन को विभाजित करने में बिताए गए समय का विवरण दिया था। इंफोसिस संस्थापक नारायण मूर्ति के बयान पर सोशल मीडिया में बहस छिड़ गई है। कई उद्योगपतियों ने उनके कार्य सप्ताह वाले बयान का समर्थन किया है। वहीं कई लोगों ने उनकी कड़ी आलोचना की है। कई सोशल मीडिया यूजर्स उनके इस बयान को अमानवीय करार दे रहे हैं। बंगलूरू स्थित हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपक कृष्णमूर्ति ने इस पर विचार किया और अनुचित कार्य घंटों वाले कार्य शेड्यूल के दीर्घकालिक स्वास्थ्य प्रभावों का खुलासा किया।

डॉ. कृष्णमूर्ति ने एक औसत पेशेवर द्वारा दिन में काम और अन्य प्रतिबद्धताओं के बीच बांटने में कितना समय लगता है पर खुलकर चर्चा की व लिखा, इस तरह के अमानवीय कामकाजी घंटे हृदय संबंधी कई गंभीर बीमारियों को जन्म दे सकता है। एक दिन में 24 घंटे होते हैं। अगर आप 12 घंटे प्रति दिन के हिसाब से सप्ताह में 6 दिन काम करते है। तो बचे 12 घंटे में से 8 घंटे नींद में जाएंगे। शेष बचे 4 घंटे में अन्य दैनिक क्रियाकलापों में व्यस्त रहेंगे। ऐसे में तो युवाओं के पास मिलने-जुलने, परिवार के साथ बात करने का समय, व्यायाम करने का समय, मनोरंजन का समय ही नहीं रहेगा। यह बताने की जरूरत नहीं है कि कंपनियां लोगों से काम के घंटों के बाद भी ईमेल और कॉल का जवाब देने की अपेक्षा करती हैं। फिर आश्चर्यचकित होकर सवाल उठाते हैं कि आखिर युवाओं को ज्यादा हार्टअटैक क्यों आ रहे हैं।




### नारायण मूर्ति ने क्या कहा था

एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति ने सुझाव दिया था कि देश में कार्य उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए भारत के युवाओं को हर हफ्ते 70 घंटे काम करना चाहिए। जिसके बाद से ही लोगों की तमाम प्रतिक्रियाएं सामने आने लगी। उनके इस बयान की कोई समर्थन तो कोई आलोचना कर रहा है।

# भारतीय सामाजिक विज्ञान को रचनात्मक बनाने के लिए अध्ययन में मानवीय संवेदना की जरूरत

■ बद्री नारायण

**देश में भारतीय किस्म का एक सहज एवं उदार सामाजिक ज्ञान विकसित करने की हमें जरूरत है। इसे रचनात्मक सामाजिक विज्ञान में तब्दील करने के लिए आवश्यक है कि इसमें मानवीय संवेदना के तत्व शामिल हों, जिसमें साहित्य उपयोगी होगा।**

भारत में सामाजिक ज्ञान के शास्त्र को समाज विज्ञान कहते हैं। हमारे यहां सामाजिक ज्ञान की यह विधा औपनिवेशिक ज्ञान की पद्धतियों एवं परिप्रेक्ष्यों के तहत विकसित हुई है। इसके कारण यह एक प्रकार की उदासीन शुष्कता का शिकार है। इसमें जिस समाज को समझने का दावा है, उसके प्रति संवेदना की मात्रा न्यूनतम है। इस समस्या को समझते हुए %राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020% संवेदना युक्त सरल, सहज



सामाजिक ज्ञान की परिकल्पना करते हुए अंतः अनुशासनिकता एवं बहु अनुशासनिकता पर जोर तो देती ही है। साथ, ही उदार कला एवं सहज बहुमुखी सामाजिक ज्ञान को विकसित करने के लिए भारतीय विश्वविद्यालयों, आईआईटी एवं 'लिबरल' कला एवं 'लिबरल' अध्ययन को प्रोत्साहित करने का सुझाव भी देती है। एक तो इसमें विज्ञान, तकनीकी एवं प्रबंधन की शिक्षा को 'लिबरल' स्टडीज से जोड़ने का सुझाव दिया गया है, दूसरे भारतीय विश्वविद्यालयों में सामाजिक विज्ञान की शिक्षा एवं शोध को एक प्रकार से सहज, जीवनोन्मुखी, समाज सापेक्ष एवं रचनात्मक बनाने का प्रस्ताव भी किया गया है।

इन सुझावों के आधार पर अनेक आईआईटी एवं आईआईएम ने अपने यहां 'लिबरल' स्टडीज या 'लिबरल' आर्ट्स का कोर्स शुरू कर दिया है। केंद्रीय विश्वविद्यालयों में हालांकि परिवर्तन की यह गति अभी धीमी है। विश्वविद्यालयों में लोगों से बातचीत करते हुए मुझे बार-बार ऐसा लगता है कि सामाजिक ज्ञान के इस 'लिबरल' स्वरूप को समझने में हमें कहीं दिक्कत हो रही है। निजी क्षेत्र में भी अनेक विश्वविद्यालयों ने पहल करते हुए अपने यहां 'लिबरल' स्टडीज के कोर्स विकसित एवं लागू किए हैं। लेकिन उनकी समस्या दरअसल यह है कि उनके पाठ्यक्रम ज्यादातर पश्चिमी देशों के विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों से प्रभावित हैं। जबकि संवेदना से युक्त ऐसे सामाजिक अध्ययन के पठन-पाठन एवं शोध की परंपरा शुरू करने की आवश्यकता है, जो भारतीय जमीन एवं संवेदनात्मक परिवेश से जुड़ी हो। इसके लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को पहल करते हुए संवेदनायुक्त अंतर्विषयक एवं उदार सामाजिक ज्ञान की एक मॉडल रूपरेखा विकसित करनी होगी।

'लिबरल' स्टडीज पश्चिमी देशों के विश्वविद्यालयों में एक बहुत ही लोकप्रिय कोर्स है, किंतु ज्ञान का यह अनुषंग वहां मूलतः पश्चिमी समाजों के अनुभवों एवं वहां उपजे सिद्धांतों पर आधारित है। यह जानना रोचक है कि 'लिबरल' स्टडीज का आधार मूलतः भारतीय गुरुकुल पद्धतियों में पाया जा सकता है, जहां ज्ञान की अवधारणा में परंपरा, संस्कृति, मूल्य, तकनीकी, तर्क, शास्त्र, विवेचना, निरुक्त सब कुछ शामिल थे। लेकिन औपनिवेशिक शिक्षा के प्रभाव में हमारा सामाजिक विज्ञान अत्याधिक सकारात्मकता का शिकार हो संवेदना से कट गया एवं अत्यधिक विशिष्टता के प्रभाव में आकर अनुशासनिक कट्टरता का शिकार हुआ।

भारत में सामाजिक ज्ञान को संवेदना से जोड़ने के लिए बहुत जरूरी है कि उसे साहित्य से जोड़ा जाए। देश में हमारी जो ज्ञान परंपरा रही है, उसमें साहित्य का बहुत महत्व रहा है, लेकिन पश्चिमी पॉजिटिविज्म के प्रभाव में देश में जो समाज विज्ञान औपनिवेशिक विश्वविद्यालयों में विकसित हुआ, उसमें साहित्य एवं संवेदना की भूमिका लगातार नगण्य होती गई। हमने सामाजिक विज्ञान के शिक्षण एवं शोध को धीरे-धीरे साहित्य से काट दिया। इसका नतीजा यह हुआ कि हम सिर्फ मात्रात्मक आंकड़ों एवं गुणात्मक सहभागी पर्यवेक्षणों के माध्यम से ही समाज को देखने और समझने लगे। भारतीय सामाजिक विज्ञान में हिंदी क्षेत्र के ग्राम समाजों एवं उनमें निरंतर हो रहे परिवर्तनों को समझने में कथा सम्राट प्रेमचंद के लेखन का उपयोग तो किया ही जाना चाहिए।

स्वतंत्रता के बाद के भारतीय ग्राम समाज, जनतांत्रिक राज्य के निर्माण एवं बदलती राजनीति को समझने के लिए हिंदी में छपे खासकर तीन उपन्यास बेहद महत्वपूर्ण पाठ साबित हो सकते हैं। इनमें पहला है फणीश्वरनाथ रेणु का उपन्यास मैला आंचल, दूसरा है श्रीलाल शुक्ल का उपन्यास राग दरबारी एवं तीसरा है अखिलेश का उपन्यास निर्वासन। ये तीनों अत्यंत महत्वपूर्ण उपन्यास हैं। इन तीनों को जोड़कर अगर सामाजिक पाठ किया जाए, तो वर्ष 1950 से लेकर 2010 के आसपास तक के समाज में परिवर्तन के सामाजिक इतिहास को बखूबी समझा जा सकता है। इनके क्रमिक पाठ से हमारे शोधार्थी एवं छात्र भारतीय समाज के विकास के संवेदनापरक ज्ञान से भी जुड़ सकते हैं। ये तीनों उपन्यास हिंदी पट्टी में हो रहे समाज परिवर्तनों का संवेदनापरक दस्तावेजीकरण तो खैर हैं ही।

उदाहरण के लिए, मैला आंचल एवं राग दरबारी से वर्ष 1950 के बाद से बीती सदी के आठवें दशक तक के सामाजिक परिवर्तनों को, एवं अखिलेश के उपन्यास निर्वासन से बीती सदी के अंतिम के दशक के बाद के सामाजिक समय को समझा जा सकता है। निर्वासन से बदलते समाज, राज्य, एवं नई पीढ़ी के निर्माण की प्रायः न दिखाई पड़ने वाली सुक्ष्म प्रक्रियाओं को भी बखूबी समझा जा सकता है। समजिक ज्ञान की 'लिबरल' स्टडीज में साहित्यिक पाठ एक तो विकास एवं परिवर्तन पर अदृश्य एवं अबोलती जन प्रतिक्रियाओं को समझने में मदद करते हैं, साथ ही, इन प्रक्रियाओं से समाज में संवेदनात्मक परिवर्तनों, मोड़ों एवं लगातार होते रहने वाले क्षरण एवं निर्माण को भी अच्छी तरह से समझा जा सकता है। साहित्य के साथ लोक संस्कृतियों से जुड़ी लोककथाएं, लोकगीत, मुहावरे एवं मसले भी भारतीय समाज विज्ञान को संवेदना से जोड़ने में हमारी मदद कर सकते हैं। भारतीय ज्ञान परंपरा के अनेक पाठों एवं विमर्शों को भी इसमें शामिल करने की आवश्यकता है।

अगर इस संपूर्ण बहस का सार संक्षेप करूं, तो मैं यह कहना चाहूंगा कि भारतीय सामाजिक विज्ञान को रचनात्मक सामाजिक विज्ञान में तब्दील होने की आवश्यकता है। इसके लिए जरूरी है कि भारतीय सामाजिक अध्ययन में मानवीय संवेदना के तत्व शामिल हों। भारतीय 'लिबरल' एवं सामाजिक विज्ञान के विकास के लिए जरूरी है कि साहित्य, लोककथाएं एवं मौखिक परंपराएं तथा अन्य सामाजिक समूहों यथा दलित, महिला, युवा की रचनात्मक अभिव्यक्तियों को भी इसमें शामिल किया जाए। भारत में भारतीय किस्म का एक सहज एवं उदार सामाजिक ज्ञान विकसित करने की हमें निश्चय ही जरूरत है।

**यह लेखक के अपने विचार हैं।**



# नखरों की कार करे हरदम बेकरार

■ संतोष उत्सुक

बरसों पहले विज्ञापन आया था, 'पड़ोसी की जले जान, आपकी बढ़े शान।' आजकल है 'कार ऐसी खरीदिए, दूसरे आपा खोएं।' कार ऐसी खरीदिए जो हर कहीं पार्क करनी मुश्किल हो। सब जगह ले जाने का दिल न करे। कभी स्वादिष्ट खाने का न्योता मिले तो हिसाब लगाना पड़े। उनका घर, उस चौराहे से दाएं तरफ, उस सड़क पर, बाएं मुड़कर उस गली में है, अज्वहां गाड़ी ले जाएं तो पार्क कहां करेंगे। अन्दर जगह कम है। वहां गली वालों की गाड़ियां खड़ी होंगी, ले गए और जैसे-कैसे पार्क कर दी तो मोड़नी मुश्किल हो जाएगी। कहीं ठुक गई तो एक स्क्रैच हटवाने के सैकड़ों और एक डेंट के हज़ारों लग सकते हैं। इसलिए वहां जाना ही क्यूं जहां शानबढ़ाऊ कारजी पार्क करने के लिए उचित जगह न हो।कार ऐसी खरीदिए जिसकी सुविधाओं बारे पता न चले। सुविधाएं वही हों जिनकी ज्यादा ज़रूरत न हो। आजकल विशेषताएं इतनी हैं कि देख-सुन, मन आपा खोए। टेस्ट ड्राइव लेते ही कीमत भूल जाए। कारजी घर आएं तो अजनबी हसीना की तरह, सब कुछ डिज़ाइनर पहन कर छाई हों। कार के फिचर्ज़ बढ़ती उम्र वालों के पल्ले न पड़ें। नई कार तो बच्चों और उनकी मम्मी की पसंद की



ही लेनी होती है। पुरानी कार की याद तो आती रहेगी। ज़िंदगी जुगाड़ और संघर्ष में कटी, अब लग्जरी कार की गोद में लेटेगी।

नए फीचर, हसीनाओं की हाई स्लिट ड्रेस की तरह रिझाने के लिए होते हैं, बस, बंदा फिसल जाए। व्यापारिक मुस्कराहट लिए, क़र्ज़ देने वाले भी आपका हाथ और शरीर पकड़ने को तैयार हैं। बैंड बजाते इतने रास्ते, क़र्ज़ दिलाने की तरफ लिए जा रहे हैं। आजकल के ज़माने में भी, 'घर के बाहर हाथी खड़ा है' वाला ख्वाब कार खरीदकर पूरा हो सकता है। हां, विशेषताएं ऐसी होने चाहिए जो अच्छी तरह समझने के बाद भी याद न रहें। वैसे एक लिस्ट सामने लटका सकते हैं या फिचर्ज़ खुद ही कहते रहें, मालिक, हमें प्रयोग करो। वैसे तो ज्यादातर विशेषताएं शांत ही रहती हैं इसलिए पता नहीं रहता ।

सामान खरीद कर, उसकी सुन्दर रंगारंग पैकिंग उतारते हुए अच्छा लगता है। वीडियो भी बनाया जाता है। घर में खूब बधाइयां आती हैं लेकिन कुछ दिनों बाद ही लगता है, कार से लाखों रुपये में दिन में तारे देखने जैसा अनुभव है। खैर, अब यह विचार पुराना हो गया है कि समझदारी तो वही कार खरीदने में है जिसे मज़े से खुद ड्राइव कर सकें। सहजता से पार्क कर सकें और गाड़ी आपकी संतुलित खर्च करूं जेब से निकली हो और पड़ोसियों के भी काम आ सके। **(साभार)**

### रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कक्ष में दोपहर 3 बजे तक उपस्थित अभ्यार्थी ही नाम निर्देशन पत्र दाखिल कर सकेंगे, नाम वापसी और चिन्ह आवंटन के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण..

# नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने का मौका कल तीन बजे तक

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 30 अक्टूबर नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि रहेगी। इस दिन दोपहर 3 बजे तक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कक्ष में समस्त दस्तावेजों के साथ प्रवेश कर चुके अभ्यर्थी ही नाम निर्देशन पत्र जमा कर सकेंगे। परिसर में उपस्थित अभ्यार्थी नाम निर्देशन पत्र जमा करने के लिए पात्र नहीं होगा। शनिवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट में नाम निर्देशन के संबंध में विधानसभावार समीक्षा की और अन्तिम पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को नाम निर्देशन के संबंध निर्वाचन आयोग के निर्देशों का गंभीरता से पालन करें। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि नाम वापसी और चुनाव चिन्ह आवंटन में कोई त्रुटि न हो इसका विशेष ध्यान रखें।

बैठक में नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर पंकज दुबे द्वारा नाम वापसी और चुनाव चिन्ह आवंटन के संबंध में रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि नाम वापसी के लिए अभ्यर्थी प्रारूप 5 में रिटर्निंग ऑफिसर को आवेदन कर सकेंगे।



अभ्यार्थी, निर्वाचन अभिकर्ता या प्रस्तावक के अलावा कोई भी व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत नाम निर्देशन वापसी का आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। 31 अक्टूबर को संविक्षा होने के बाद ही अभ्यार्थी 2 नवंबर तक दोपहर 3 बजे तक नाम वापसी के लिए आवेदन कर सकेंगे।

बैठक में राजनैतिक दल, मान्यता प्राप्त दल, गैर मान्यता प्राप्त दल और अन्य के संबंध में चुनाव चिन्ह आवंटन के संबंध में निर्देशो की जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि 5 नवंबर से मतदान कर्मियों का द्वितीय प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत, अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### चुनावी सूचनाओं के लिए टोल फ्री नम्बर 1950

**विदिशा ।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी शशि मिश्रा ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन के अंतर्गत शिकायतों के निराकरण के लिये प्रभावी व्यवस्था विदिशा जिले की पांचों विधानसभाओं में सुनिश्चित की गई है।

राज्य स्तर पर संचालित कॉल सेंटर का टोल फ्री नम्बर 1950 पर लगातार 24 घण्टे काम हो रहा है। प्राप्त शिकायतों को नेशनल ग्रेवियेंस सर्विसेज पोर्टल पर भी दर्ज किया जा रहा है। प्रत्येक जिले में कांटेक्ट सेन्टर के माध्यम से प्रतिदिन मॉनीटरिंग की जा रही है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय को प्राप्त हो रही शिकायतों को भी डिजिटाइज कर समय-सीमा में उनका निराकरण किया जा रहा है। राजनैतिक दलों द्वारा की जा रही शिकायतों के संधारण हेतु प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट का अलग से मॉड्यूल तैयार किया गया है। इसके माध्यम से समस्त राजनैतिक दलों द्वारा की गई सभी प्रकार की शिकायतों के निराकरण की स्थिति उनके द्वारा वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

## आरटीओ एवं ट्रैफिक पुलिस की संयुक्त रात्रिकालीन बड़ी कार्यवाही




### 69 वाहनों पर 47500 का चालान एवं 192000 नगदी जप्त

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

विगत मध्यरात्रि में आरटीओ अधिकारी निशा चौहान एवं यातायात टीआई उषा मरावी के नेतृत्व में भोपाल रोड एसएसटी चेकपोस्ट पर संयुक्त मोर्चा संभालते हुए जिले की सीमा से बाहर एवं प्रवेश करने वाले वाहनों की तलाशी एवं चालानी कार्यवाही की गई, जिसमे आचार संहिता के समस्त जांच बिंदुओ को वाहनों में चेक किया गया, वाहनों में लगे हूटर, ब्लैक फिल्म को तुरंत हटवाया गया ,वाहनों में अंदर तलाशी ली गई एवं कागजात पूर्ति न रखने वाले वाहनों पर चालानी कार्यवाही को गई। 180 वाहनों को जांच में 69 वाहनों के नियमविरुध्द चलते पाए जाने पर 47500 रुपए का चालान काटे गए, तलाशी अभियान में एक निजी कार से अवैध नगदी 1,92,840 रुपए प्राप्त हुए , जिसे जप्त कर एसएसटी के पास जप्त रखा गया। जांच दल में आरटीओ अधिकारी निशा चौहान एवं यातायात टीआई उषा मरावी के साथ संपूर्ण विभागीय जांच दल शामिल रहा।

## धार्मिक स्थलों में सभा करने या प्रचार करने की नहीं होगी अनुमति

**विदिशा ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर भार्गव ने निर्वाचन आयोग के द्वारा चुनाव प्रचार के संबंध में निर्देश का हवाला देते हुए बताया है कि आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के समय किसी भी धार्मिक स्थान में राजनैतिक सभा करने अथवा किसी भी माध्यम से प्रचार करने की अनुमति नहीं होगी। ततसम्बंध में निर्वाचन आयोग ने सभी कलेक्टरों को जारी निर्देशों का कठोरता से पालन करने के निर्देशित किया हैं। कलेक्टर भार्गव ने बताया कि निर्देशों में कहा गया है कि सभी नगर पालिका अधिकारियों को क्षेत्र मे होर्डिंग के लिए चिन्हित स्थलों की दरों का निर्धारण कर कुछ स्थलों को स्वीप एवं निर्वाचन संबंधी अन्य जानकारी प्रदर्शित करने हेतु आरक्षित करें। साथ ही अन्य उपलब्ध स्थलों को निर्धारित दरों पर समानता के अनुसार प्रचार के लिए उपलब्ध कराएं। समस्त रिटर्निंग अधिकारियों को सभा स्थलों का चिन्हांकन कर, उक्त स्थलों में कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने की कार्यवाही शीघ्र संपादित करने के लिए कहा है।

## 4 विभागों के शासकीय सेवक डाक मतपत्र से कर सकेंगे मतदान

**रायसेन ।** मतदान के दिन ड्यूटी में होने पर 4 विभागों के शासकीय सेवकों को डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा मिलेगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन -2023 की मतदान तिथि 17 नवम्बर को अत्यावश्यक सेवाओं में कर्त्तव्यस्थ होने के कारण 4 विभागों के शासकीय सेवक डाक मतपत्र से मतदान कर सकेंगे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस आशय की अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार मतदान के दिन ड्यूटी पर होने के कारण अपने निर्धारित मतदान केंद्र पर उपस्थित होने में सक्षम नहीं होंगे। ऐसे शासकीय सेवक डाक मतपत्र से मतदान करने के लिये पात्र होंगे। अत्यावश्यक सेवाओं में कार्यरत लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग, गृह विभाग ( अग्निशमन सेवाएँ ) और ऊर्जा विभाग शामिल है।

## आष्टा-बुधनी में सेक्टर अधिकारियों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित



**सीहोर ।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने तथा सभी चुनावी गतिविधियों को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए जिला मुख्यालय स्थित शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में आष्टा एवं बुधनी के सेक्टर अधिकारियों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा सेक्टर अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया और निर्वाचन के दौरान उनके दायित्वों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के दौरान अपर कलेक्टर वृन्दावन सिंह ने प्रशिक्षार्थियों से कहा कि सेक्टर में शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने के लिए सेक्टर अधिकारी की महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी सेक्टर अधिकारी प्रशिक्षण में बताई गई बातों को ध्यान में रखें और निर्वाचन की प्रक्रिया के दौरान उन पर सख्ती से अमल करें। साथ ही वे उनके क्षेत्र में आने वाले मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर वहां पर निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थएं सुनिश्चित कराएं। प्रशिक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर श्री मनीष शर्मा, एसडीएम श्री राधेश्याम बघेल, श्री आनन्द सिंह राजावत भी उपस्थित थे। सेक्टर अधिकारियों को मास्टर ट्रेनर डॉ. राजेश बकोरिया, डॉ पंकज जैन तथा डॉ. अनूप सिंह द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

## मतदाताओं को जागरुक करने निकाली वाहन रैली



**रायसेन ।** विधानसभा निर्वाचन-2023 में शतप्रतिशत मतदान हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी और कलेक्टर श्री अरविंद दुबे के निर्देशन में चलाए जा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रायसेन नगर में शनिवार को नगर पालिका द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता वाहन रैली को एसडीएम श्री मुकेश सिंह द्वारा पुलिस लाइन से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस वाहन रैली में एसडीएम मुकेश सिंह, पीओ डूडा और सीएमओ सुलेखा जाटव, जनशिक्षक श्री सूर्यप्रकाश सक्सेना, पवन सोनी सहित नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी, बीएलओ तथा शिक्षक भी शामिल हुए। वाहन रैली के माध्यम से मतदाताओं, विशेष रूप से युवा और नवीन मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। वाहन रैली में शामिल वोट मेन आकर्षण का केंद्र रहा, जिसके द्वारा भी सभी मतदाताओं से 17 नवम्बर को मतदान केंद्र जाकर वोट डालने की अपील की गई। यह वाहन रैली पुलिस लाइन से प्रारंभ होकर सागर तिराहे होते हुए टोल नाका सागर रोड पहुंची और वहां से वापस न्यू बस स्टैंड होते हुए खेल स्टेडियम पहुंची। यहां वाहन रैली का समापन हुआ। उल्लेखनीय है कि विधानसभा निर्वाचन-2023 में जिले के सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें, इसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे के निर्देशानुसार स्वीप प्लान के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। गत निर्वाचनों में कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्र क्षेत्रों में भी सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें, इसके लिए कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों में विशेष रूप से जागरूकता गतिविधियां आयोजित कर मतदाताओं को प्रेरित किया जा रहा है।

**मेट्रो एंकर** मीडिया संस्थान 10 दिसम्बर तक प्रस्ताव भेज सकेंगे, चार श्रेणियों में मिलेगा पुरस्कार

# मतदाता शिक्षा और जागरुकता के सर्वोत्तम अभियान को नेशनल मीडिया अवार्ड-2023

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

मतदाता शिक्षा और जागरूकता के लिये सर्वोत्तम अभियान चलाने वाले मीडिया संस्थानों को भारत निर्वाचन आयोग नेशनल मीडिया अवार्ड-2023 चार विभिन्न श्रेणियों में प्रदान करेगा। आयोग ने 10 दिसम्बर 2023 तक संस्थानों से प्रस्ताव आमंत्रित किये हैं।

अवर सचिव ( संचार ) भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा 19 अक्टूबर को जारी पत्र के अनुसार मतदाता शिक्षा और मतदान जागरूकता के सर्वोत्तम अभियान के लिये नेशनल मीडिया अवार्ड-2023 प्रदान किये जायेंगे। मीडिया संस्थानों को पुरस्कार चार श्रेणियों में प्रदान किये जायेंगे। पुरस्कार मतदाताओं को मतदान के लिये प्रेरित करने और मतदान के प्रति जागरूकता के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिये चलाये जा रहे उत्कृष्ट अभियानों को प्रोत्साहित करने के लिये दिये जा रहे हैं। प्राप्त निर्देशानुसार प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक ( टेलीविजन ) मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक ( रेडियो ) मीडिया और ऑनलाइन ( इंटरनेट )/सोशल मीडिया श्रेणियों में पृथक-पृथक पुरस्कार दिये जायेंगे। वर्ष 2023 में मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने के लिये मीडिया संस्थानों द्वारा किये गए उत्कृष्ट कार्यों और उपलब्धियों को प्रदर्शित करते हुए विभिन्न चार श्रेणियों में अपने प्रस्ताव भेजने होंगे। प्रस्ताव ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों ही प्रकार से भेजे जा सकते हैं। सभी नामांकनों पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा गठित जूरी द्वारा विचार कर निर्णय लिये जायेंगे। नेशनल मीडिया अवार्ड-2023 से संबंधित विस्तृत विवरण ( मेमोरेण्डम ) कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश की वेबसाइट www.ceomadhyapradesh.nic.in और जनसम्पर्क विभाग की वेबसाइट www.mpinfo.org पर उपलब्ध है। प्रस्ताव राजेश कुमार सिंह, अंडर सेक्रेटरी ( कम्युनिकेशन ) इलेक्शन कमीशन ऑफ इण्डिया, निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली 110001 पर भेजे जा सकते हैं। संस्थान अपने प्रस्ताव मेमोरेण्डम में निर्दिष्ट शर्तों का पालन करते हुए ई-मेल एड्रेस media-division@eci.gov.in पर भी भेजे सकते हैं।

**रैलियों एवं सभाओं की अनुमति ऑनलाइन: विदिशा** कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने बताया कि विदिशा जिले की पांचों विधानसभाओं में विधानसभा चुनाव के दौरान राजनैतिक दलों और प्रत्याशियों को सभा के लिये मैदान की अनुमति लेने, रैली निकालने, लाउडस्पीकर, वाहन एवं हेलीपैड के लिये अनुमति लेने अब निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय जाने की जरूरत नहीं पडेगी। वे इन अनुमतियों के लिये ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। चुनाव आयोग ने पारदर्शिता के मद्देनजर किसी भी कार्य की अनुमति लेने के लिये राजनैतिक दलों और अभ्यर्थियों को पहले ''आओ पहले पाओ'' की सुविधा दी जाएगी । इसके तहत जो पहले ऑनलाइन आवेदन करेगा, उसे पहले अनुमति दी जायेगी। इसके लिये सुविधा एप पर तय समय के पूर्व ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन करने के बाद उपलब्धता अनुसार उन्हें अनुमति दी जायेगी।





यातायात पुलिस ने भारी वाहनों को छतरी चौराहे पर खड़े होकर रोका

# जब दो पहिया वाहनों के बनाए गए चालान तो चालकों में मचा हड़कंप

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए यातायात पुलिस प्रशासन के द्वारा ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। पहली बार शहर में यातायात पुलिस कुछ करती हुई दिखाई दी है। छतरी चौराहे सभी यातायात पुलिस कर्मियों ने खड़े होकर भारी वाहनों को बाईपास से निकलने का काम किया और दो पहिया वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की या नजर छतरी चौराहे पर यातायात पुलिस ने खड़े होकर भारी वाहनों को लिंक रोड मार्ग से जाने से रोकते हुए बायपास मार्ग से ही इन बड़े वाहनों को निकालने का काम किया तो लिंक रोड की यातायात व्यवस्था आम दिनों से काफी अच्छी देखने को मिली नहीं तो इस मार्ग से दिनों में निकलना मुश्किल हो जाता है। सड़क के दोनों और साइड खुदी हुई पड़ी हुई है दोनों तरफसे बड़े वाहनों का प्रवेश दिन भर जारी रहने से जाम के हालात इस मार्ग पर दिनभर बने रहते हैं । इसके चलते दो पहिया वाहन भी यहां से नहीं निकाल पाते हैं । पहली बार यातायात पुलिस प्रशासन ने इस मार्ग पर जाम को दूर करने के लिए ठोस कदम उठाने पर प्रयास किया है तरह का काम यातायात पुलिस को करना चाहिए। ट्रैफिक व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिए सभी पुलिसकर्मियों को शहर के अलग-अलग क्षेत्र में खड़े होकर अपने दायित्व का निर्वहन करना होगा जो अभी देखने को नहीं मिल रहा है। सभी यातायात पुलिस कम एक ही जगह खड़े होकर कार्रवाई करते हैं तो व्यवस्था एक ही जगह बन पाती है अन्य जगह जस की तस बनी रहती है। अधिकांश यातायात पुलिस कर्मियों के द्वारा नहीं किया जा रहा है सभी पुलिसकर्मी छतरी चौराहे पर खड़े होकर काम करते हुए नजर यदि अलग-अलग क्षेत्र में यातायात पुलिस कर्मी खड़े होकर यातायात व्यवस्था को ठीक करने का प्रयास करते तो और ज्यादा सुविधा होती मुख्य बाजार में भी जाम की समस्या दूर हो जाती बस स्टैंड से लेकर अन्य मार्गों पर भी जो जाम के हालात निर्मित नहीं होते। इस परेशानी से छुटकारा दिलाने लिए शहर के सभी क्षेत्रों में यातायात पुलिस कर्मियों को खड़े होकर अपनी भूमिका निभानी होगी। पर ऐसा ना करते हुए एक ही जगह पर खड़े होकर सूबेदार से लेकर अन्य यातायात पुलिसकर्मी छोटे और बड़े बहन चालकों को रोककर कार्रवाई की।

दो पहिया बहन चालकों के बनाए चालान - छतरी चौराहे पर ही यातायात प्रभारी के साथ सभी यातायात पुलिसकर्मी मौजूद थे । यहां से आने-जाने वाले दो पहिया वाहनों को रोककर उनके खिलाफचालनही कार्रवाई भी की गई। जिसकी जानकारी लगते ही वाहन चालकों में डर भी देखने को मिला पुलिस की चालानी कार्रवाई से बचने के लिए दूसरे रास्तों से जाते हुए नजर कुछ लोग तो बाईपास से ही दौड़ लगाते हुए नजर आए कई दो पहिया वाहन चालकों को चालानी कार्रवाई की भनक नहीं लगी तो वह इनके लपेटे में आ गए तो चलानवी कार्रवाई से बचने के लिए राजनीतिक प्रेशर बनवाने का प्रयास भी किया पर इस समय आचार संहिता लगी हुई है । प्रशासन किसी की सुन नहीं रहा है अपनी कार्रवाई को अंजाम दे रहा है । इसकी वजह से वाहन चालकों में आक्रोश भी देखने को मिला उनका कहना है कि इस समय हमें यातायात पुलिस के द्वारा ज्यादा ही परेशान किया जा रहा है यातायात व्यवस्था ठीक करने की जगह पर हम दो पहिया वाहन चालकों पर चालान बनाकर हमारी मुश्किल में बढ़ाने का काम जरूर किया जा रहा है कई ग्रामीण तो छोटा-मोटा सामान लेने के लिए आते हैं उनके पास चालान के पैसे नहीं होते हैं तो वह चालानी कार्रवाई से बचने के लिए यातायात थाना प्रभारी के सामने गुहार लगाते हुए भी नजर आते हैं पर किसी की कोई सुनवाई नहीं हुई चला बनाने की कार्रवाई जारी रही जिसमें दो पहिया वाहन पर तीन सवारी नंबर प्लेट हेलमेट दस्तावेज नहीं मिलने पर 500-500 के चालान काटे गए।

हूटर, प्रेशर होरन वाले वाहनों पर नहीं हो पा रही कार्रवाई - शासन प्रशासन पर राजनीतिक धोस दिखाने व अपनी शान बढ़ाने के लिए कई राजनीतिक लोगों के द्वारा अपनी गाड़ियों पर हूटर लगा रखे हैं। कुछ ऐसे भी वाहन चालक हैं जिनके द्वारा प्रतिबंधित होरनो का उपयोग करके हाई कोर्ट की गाइडलाइन की अनदेखी की जा रही है इन पर कार्रवाई नहीं हो पा रही है। कई पहिया वाहन चलाने वाले से लेकर चार पहिया वाहन चालकों के द्वारा की जा रहा है। इसके कारण कई बार लोग डर जाते हैं कुछ बहन ऐसे भी दौड़ना है जिनमें सरकारी वाहनों में उपयोग होने वाले होरन लगे हुए हैं। इनकी पहचान भी यातायात पुलिस नहीं कर पा रही है। कुछ वाहन चालक इतनी तेज गति में वाहनों को दौड़ जाते जिनके कारण कभी भी बड़ी जनहानि हो सखती है , इनकी तेज गति पर ब्रेक लगाकर ऐसी वाहनन चालकों पर भारी भरमक जुर्माना भी होना चाहिए तब जाकर यह मानेंगे।

# पुलिस ने जिला बदर के आरोपी को हथियार के साथ दबोचा, किया गिरफ्तार

**सिरोंज ।** विधानसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लगी हुई है जिसमें जिला बदल के आरोपियों का प्रवेश में से ही परिचित होता है । किसी भी तरह का हथियार रखना भी गैरकानूनी है ऐसे लोगों पर कार्रवाई करने के लिए पुलिस के द्वारा सीनियर अधिकारियों के मार्गदर्शन में निरंतर अभियान चलाया जा




रहा है इसी क्रम में शनिवार कोो जिला बदर के आरोपी को गिरफ्तार किया गया है । यहां करवाई एसडीओपी उमेश तिवारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी संदीप कुमार पवार के नेतृत्व में टीम द्वारा विश्वनीय मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि जिला बदर बदमाश रमेश यादव पिता बुन्देल सिंह यादव निवासी खामखेडा थाना सिरोंज बासोदा नाका से सिरोंज की ओर आ रहा है। जिसकी सूचना पर जिला बदर आरोपी को प्र.आर. अमित मिश्रा द्वारा हमराह बल के साथ पकडा जिसकी तलाशी लेने पर जिला बदर बदमाश रमेश यादव के पास एक लोहे का छुरा रखे हुए मिला जिसे विधिवत जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर थाना लाए। आरोपी के विरुद्ध जिलाबदर आदेश का उल्लंघन करने एवं अवैध हथियार रखने पर थाना में अपराध क्रमांक 475/23 धारा 25 आर्म्स एक्ट व 14,15 मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया गया ।

# सूतक के चलते दिन में ही मनाया गया शरद पूर्णिमा का पर्व, महिलाओं ने रखा व्रत



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

शनिवार को चंद्र ग्रहण का सूतक लगे की वजह से दोपहर में ही शरद पूर्णिमा का त्यौहार बड़ी हरसुल्हास के साथ नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों में मनाया गया नगर के सभी मंदिरों में भगवान को श्राद्ध में विराजमान करके विधि विधान से पूजा अर्चना की गई लड्डू का भोग भी लगाया खीर का भोग भगवान को अर्पित किया गया महिलाओं ने व्रत रखकर अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना की वही श्री देवाधिदेव मदनमोहन सरकार के सिद्ध चौतन्य दरबार में शरद पूर्णिमा उत्सव बड़ी धूम धाम से मनाया गया । दोपहर 12 बजे सिंगर 12:30 बजे राजभोग आरती-,12:45 मिनट पर सांध्य आरती एवं 1:00 बजे साइन आरती हुई श्रद्धालुओं ने सभी कार्यक्रमों में बाढ़-चल कर भाग लिया इसके बाद प्रसादी का वितरण किया गया । इसी तरह छतरी नाका हनुमान मंदिर पर भी शरद पूर्णिमा का पर्व मनाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण मौजूद थे।

# शरद पूर्णिमा पर माव के भाव 300 से ऊपर लड्डुओं की भी खूब रही मांग

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**



शरद पूर्णिमा पर भगवान को लड्डुओं का भोग अर्पित किया जाता है । हर घर में महिलाएं व्रत रखकर परिवार और पति की सुख समृद्धि की कामना के लिए शरद पूर्णिमा व्रत रखकर भगवान की पूजा अर्चना करती है । माव और शक्कर से बनाए गए लड्डुओं का का भोग अर्पित किया जाता है। जिसके चलते शनिवार को माव बाजार में मावा खरीदने के लिए भारी भीड़ देखने को मिली भाव भी 300 से प्रारंभ हुई और 350 तक पहुंच गए थे । लड्डू भी बाजार में 300 रुपए किलो मिल रहे थे। जिसके चलते अधिकांश लोगों ने बने हुए लड्डू खरीदने का काम किया तो हलवाइयों की खूब चांदी भी हुई यहां की माव अन्य शहरों में भी भेज जिसकी वजह से दामों में तेजी देखने को मिलती है । शुद्धता के लिए मावा यहां की जानी जाती है।

# 5 साल बनाई दूरी, अब मतदाताओं की शरण में नेताजी, यह पब्लिक है सब जानती है

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विधानसभा चुनाव के लिए 17 नंबर को मतदान होगा जिसके चलते भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस सहित सभी दलों के उम्मीदवार किस्मत आजमाने के लिए नामांकन फार्म जमा कर चुकेऔर कुछ अंतिम तारीख 30 अक्टूबर को नामांकन फार्म जमा करेंगे ऐसी संभावना नजर आ रही है।

दूसरी ओर 5 साल तो जनता से संवाद स्थापित नहीं करते हैं उसकी बात को नजरअंदाज किया अब जनता की बारी आई है तो वहा भी गुस्सा निकल रही है । आम जनता के साथ उम्मीदवारों को रूटों को मनाने के लिए भी एड़ी चोटी काजल लगाना पड़ रहा है। जिसक दौर निरंतर का दौर भी चल रहा है। विधानसभा में विधायक बनने के लिए नेताओं को चुनाव आते ही जनता की याद आने लगती है सब कुछ जनता को ही मानने की बात कही जा रही है। लेकिन कहते हैं जनता सब जानती है वहां भी हर चीज का अंदाज लग रही है कई जगह नेताओं को जनता की खारी खोटी भी सुनाई पड़ा रही कुछ जगह तो नेताओं के वाहनों को घुसने भी नहीं दिया जा रहा है । जिसकी चर्चाएं भी इन दोनों जोर-शोर पर चल रही है फिर भी जनता के सामने नस-मास तक होकर वोट की अपील कर रहे हैं। रूठे हुए मतदाताओं को मनाने के प्रयास नेताओं के द्वारा किए जा रहे हैं । प्रत्याशियों से ज्यादा क्षेत्र लोगों की नई सुनने वाले नेताओं की दुर्गति हो रही है। क्योंकि इन्होंने 5 साल शोषण किया अब जनता की बारी आ रही है । तो जनता भी इन्हें खूब खरी खोटी सुना रही है।

मेट्रो एंकर | जैन मंदिरों में पूजा-अर्चना अभिषेक

# जैन समाज ने हर्षोल्लास से मनाया विद्या सागर महाराज का अवतरण व निर्णय सागर महाराज का दीक्षा दिवस

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

संत षिरोमणी आचार्य गुरूवर श्री 108 विद्या सागर जी महाराज का 77वां अवतरण दिवस शरद पूर्णिमा पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। साथ ही मुनि श्री 108 निर्णय सागर जी महाराज का दीक्षा दिवस भी मनाया गया। सिरोंज जैन समाज ने नगर के जैन मंदिरों में पूजा अर्चना अभिषेक आदि के साथ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए।

वही पाठषाला के बच्चों द्वारा हाजीपुर जैन मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही ब्रम्चारी दिषा एंव नेहा दीदी के सानिध्य में शांति विधान आयोजित किया गया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि जिस तरह शरद पूर्णिमा का चांद अपनी चांदनी से सभी वास्तुओं को अमृतमय कर देता है ऐसे हमारे आचार्य भगवान अपनी त्याग, तपस्या और साधना से सर्व विश्व में अमृतमय वातावरण निर्मित कर रहे हैं और नगर-नगर घर-घर में धर्ममय वातावरण बना रहे हैं आज उन्हीं की पावन अनुकंपा से सभी जगह धर्म मय वातावरण बन गया है। मुनि विद्यासागर जी महाराज एक प्रख्यात दिगंबर जैन आचार्य हैं। वे जैन धर्म के तपस्वी, अहिंसा, करुणा, दया के प्रणेता और प्रखर कवि संत शिरोमणि हैं।



आचार्यश्री विद्यासागरजी महाराज का जन्मदिवस आश्विन शुक्ल पूर्णिमा (शरद पूर्णिमा) के दिन मनाया जाता है। ऐसे महापुरुष मानव जाति के प्रकाश पुंज हैं, जो मनुष्य को धर्म की प्रेरणा देकर उनके जीवन के अंधेरे को दूर करके उन्हें मोक्ष का मार्ग दिखाने का महान कार्य करते हैं। वास्तव में ये महान आत्माएं ही मानवता के जीवन मूल्यों की प्रतीक हैं। ऐसे गुरु के आशीष पर लोगों का प्रगाढ़ विश्वास है। पृथ्वी पर आज हर मानव शांति और सुख की चाहत में व्याकुल है और तनावरहित जीवन जीना चाहता है।

## सिरोंज चुनाव के लिए इबीएम मशीन प्राप्त चुनाव की तैयारी में लगे है निर्वाचन अधिकारी

**सिरोंज।** विधानसभा चुनाव संपन्न करने के लिए जिले से ईवीएम मशीन और बीवीपेट मशीने प्राप्त हुए हैं। जिनको पालीटेक्निक कॉलेज में बनाए गए स्टैंड रूम में निर्वाचन अधिकारी हर्षल चौधरी ने व्यवस्थित रूप से रखवाया उन्होंने बताया कि 304 ईवीएम मशीन 254 मतदान केदो के लिए प्राप्त हुई है। इससे ज्यादा संख्या में बीपीपेट मशीन आई है।




# गोवा में 37वां राष्ट्रीय खेल: मप्र के खिलाड़ियों ने जीते 17 पदक

**गोवा , एजेंसी**

37वें राष्ट्रीय खेल गोवा में मप्र के खिलाड़ियों का बेहतर खेल प्रदर्शन पेंटाथ्लॉन 5 पदक, मलखंब 10, पेंचक स्लाट 1 और वेटलिफ्टिंग 1 पदक सहित 17 पदक जीते हैं। पोंडा स्वीमिंग पूल इन्डोर ग्राउंड में मप्र टीम के मार्डन पेन्टाथ्लॉन खेल में बेथ्ले इवेन्ट (1600 मी.रन, 200 मी. स्विम,1600 रन) बालक-बालिका वर्ग में अभिषेक मोडवाल और रमा सोनकर ने 1-1 कांस्य पदक अर्जित किया। इसके अलावा बालक-बालिका बेथ्ले टीम



इवेन्ट में अंकुर, यष बाथरे और अभिषेक मोडवाल और रमा सोनकर, विधि बोंडे और लावन्या चंद्रायन खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर 1-1 रजत अर्जित किये। साथ ही बेथ्ले मिक्सड रिले टीम में अंकुर चहेर और रमा सोनकर की जोड़ी ने एक रजत पदक प्राप्त किया। इस प्रकार मार्डन पेन्टाथ्लान खेल में 3 रजत और 2 कांस्य पदक सहित कुल 5 पदक अर्जित किये। प्रतियोगिता में अब तक मार्डन पेंटाथ्लॉन के खिलाड़ियों द्वारा 1स्वर्ण, 8 रजत और 4 कास्य पदक सहित कुल 13 पदक अर्जित किये है।

इसी तरह मल्लखंब खेल में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने 7 रजत और 3 कांस्य सहित कुल 10 पदक अर्जित किये हैं। जिसमें महिला टीम चैम्पियनषिप रोप/पोल इवेन्ट में सिद्वी गुप्ता, अनुष्का नायक, पायल मण्डावलिया, अंजलि यादव, चंद्रिका मित्तोला और सोनू मण्डावलिया ने 1 रजत पदक प्राप्त किया। बालक वर्ग टीम चैम्पियनषिप रोप हेंगिग/पोल इवेन्ट में चंद्रषेखर चैहान, प्रणीत यादव, पंकज गर्गमा, राजवीर पंवार, कुंदन कच्छावा और यातिन कोरी ने 1 रजत पदक अर्जित किया। इसके अलावा मलखंब ऑल राउण्ड चेम्पियनषिप महिला वर्ग में कु. सिद्धि गुप्ता ने 1 रजत और कु. चंद्रिका मित्तोला ने 1 कांस्य पदक तथा पुरूष वर्ग में पंकज गर्गमा ने 01 रजत पदक अर्जित किया। व्यक्तिगत महिला वर्ग के रोप इवेन्ट में कु. अंजली यादव ने 1 रजत और पोल इवेन्ट में अनुष्का नायक ने 1 कांस्य पदक अर्जित किया। पुरूष वर्ग पोल इवेन्ट में यतिन कोरी, हेंगिंग इवेन्ट में पंकज गर्गमा ने 1-1 रजत पदक तथा रोप इवेन्ट में पंकज गर्गमा ने 1 कांस्य पदक अर्जित कर प्रदेष को गौरवान्वित किया।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

### 'एस्पिरेंट्स' में थी तीन दोस्तों की कहानी

## नवीन ने कहा- हम फेलियर से बहुत कुछ सीखते हैं



वेब शो 'एस्पिरेंट्स' का पहला सीजन 2021 में टीवएफ के यूट्यूब पर रिलीज किया गया था। ये तीन दोस्तों की कहानी है, जो यूपीपीएससी पास करने का सपना लेकर दिल्ली में कोचिंग कर रहे होते हैं। आगे कहानी में दिखाते हैं कि तीनों ही दोस्तों के मन में आईएएस बनने का सपना तो है, लेकिन उनमें से सफल सिर्फ एक ही हो पाता है। पांच एपिसोड की इस सीरीज में कहानी बेहतरीन अंदाज में दर्शाई गई है। इस फिल्म में नवीन कस्तूरिया, शिवांकित सिंह परिहार, अभिलाष थपलियाल, सनी हिंदुजा , नमिता दुबे ने बखूबी अपना-अपना किरदार निभाया है। अपूर्व सिंह इस सीरीज के डायरेक्टर हैं। ये सीरीज लोगों के बीच इतनी पॉपुलर हुई कि मेकर्स को उनके स्पिन ऑफ 'संदीप भैया','एस के सर' बनाने पड़े और ये भी बहुत लोकप्रिय हुए। नवीन फेलियर को बहुत कमाल चीज समझते हैं।

### मुझे लगा मैं सेट हो जाउंगा...

नवीन बताते हैं कि हम फेलियर से बहुत कुछ सीखते हैं। ये बहुत कमाल की चीज है। नवीन ने एक किस्सा शेयर किया। उन्होंने कहा, जब मैं डायरेक्टर बनने की कोशिश कर रहा था, उस टाइम मुझे अग्निपथ कैंप में एंट्री मिल गई थी जिससे मैं बहुत खुश था। मैंने उस समय सोचा था कि मैं दो-तीन साल यहां रहूंगा और फिर खुद की फिल्में डायरेक्ट करना शुरू कर दूंगा। तब मुझे लगा था कि मैं सेटल हो जाऊंगा, लेकिन एक हफ्ते के अंदर मुझे कैंप छोड़ने की बात कही गई थी। मैं बहुत दुखी हो गया था। मुझे लगा था इतनी मुश्किल से ये अवसर मिला और अब चला गया तो मैं अंदर से बहुत मायूस हो गया था। मुझे नहीं पता था अब नेक्स्ट कब ऐसा ऑफर मिलेगा और मैं कब डायरेक्टर बनूंगा लेकिन, अगर मैं उस टाइम वो कर लेता तो सुलेमान नहीं कर पाता।



## एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी का बचपन पिता के प्यार के बिना बीता

एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी 26 फिल्मों का हिस्सा रहीं अदिति ने हिंदी समेत तमिल और तेलुगु फिल्मों में भी काम किया है। बॉलीवुड में उन्होंने फिल्म दिल्ली-6 से डेब्यू किया था। अदिति जब 2 साल की थीं, तभी उनके पेरेंट्स अलग हो गए थे। वो सिंगल चाइल्ड थीं। अलगाव के बाद मां उन्हें दिल्ली लेकर चली गईं। इस बात से नाराज होकर पिता ने अदिति की कस्टडी के लिए केस फाइल कर दिया। बचपन में अदिति को पिता का प्यार नहीं मिला। उधर, कुछ समय बाद पिता ने दूसरी शादी कर ली, लेकिन उस शादी से उन्हें कोई संतान नहीं हुई। अदिति की मां ने दोबारा शादी नहीं की। मगर वो सोशल लाइफ के कारण अक्सर बिजी रहा करती थीं।

### साल 2007 में की एक्टिंग करियर की शुरुआत

अदिति ने अपने करियर की शुरुआत बतौर भरतनाट्यम डांसर के तौर पर की थी। उन्होंने फेमस भरतनाट्यम डांस लीला सैमसन के डांस ग्रुप में भी काम किया था। यहां काम करने के बाद उन्होंने एक्टिंग की तरफ रुख किया था। उन्होंने पहली बार 2007 की तमिल फिल्म श्रृंगारम में एक्टिंग की थी। फिल्म में अदिति ने 19वीं शताब्दी की एक देवदासी का रोल प्ले किया था, जो एक मंदिर नर्तकी थीं। फिल्म का डायरेक्शन शारदा रामनाथन ने किया था। हालांकि, थिएटर में रिलीज होने वाली उनकी पहली फिल्म फिल्म प्रजापति (2006) थी, जिसमें उन्होंने ममूटी के साथ काम किया था। ये एक मलयालम फिल्म थी। अदिति राव जब महज 21 साल की थी तो उन्हें एक्टर सत्यदीप मिश्रा से प्यार हो गया था। दोनों एक दूसरे को स्कूल के दिनों से ही जानते थे।

## हमने रावण की कहानी के एक खास हिस्से को छुआ है: ईशान



*फिल्मों में सक्रिय रहते हुए एक्टर ईशान खट्टर ने ऑडियो सीरीज में भी हाथ आजमाया है। ऑडिबल पर उनकी 'रावण राइजिंग' नामक ऑडियो सीरीज रिलीज हुई है। इसमें उन्होंने युवा रावण को आवाज दी है। आगे ईशान की वॉर फिल्म पिप्पा' भी रिलीज होने वाली है। इस तरह का काम बहुत बड़ी जिम्मेदारी होता है। इससे कई लोगों की भावनाएं जुड़ी होती हैं। चुनौती यह भी रहती है कि इन किरदारों की कहानियां हमने पेरेंट्स या ग्रैंड पेरेंट्स से सुनी हुई हैं। रावण को लेकर लोगों के मन में एक इमेज भी है कि वह 10 सिर वाला और वॉरियर किंग था। पर यहां हमने रावण की कहानी के एक ऐसे हिस्से को छुआ है, जो हम सबके लिए डिस्कवरी साबित हो सकती है। उस पहलू ने मुझे भी काफी एक्साइट किया। हमने 6 से 7 दिनों तक रिकॉर्डिंग की। नई चीज सीखी कि लिमिटेड एपिसोड में पूरा ग्रंथ कैसे बयां किया जाता है। यह भी कि युद्ध के रोमांच और एक्शन को आवाज से कैसे असरदार बनाया जा सकता है। ताकि दर्शकों के मन में युद्धस्थल और योद्धाओं के विजुअल्स बन सकें। नीतेश तिवारी 'रामायण' तो बाकी कई मेकर्स 'महाभारत' बनाने में जुटे हैं। मौका मिला तो कौन सा किरदार प्ले करना चाहेंगे? इसका जवाब दे पाना तो नामुमकिन है, क्योंकि ये सारे किरदार बहुत महान हैं। महाभारत से कर्ण बड़ा फैसिनेटिंग होगा। रामायण से रावण के लिए तो आवाज दे ही दी है। मौका मिले तो प्रभु श्रीराम का किरदार निभाना चाहूंगा। अगर कभी मैं इस काबिल समझा जाऊं तो मैं जरूर इसे करना चाहूंगा। लेकिन हां बहुत हिम्मत जुटाके और बहुत एफर्ट्स लगाकर।*

### भारतीय टीम विश्व कप में अभी तक एक भी मैच हारी नहीं

# जीत से सेमीफाइनल में जगह पक्की करना चाहेगा भारत

**लखनऊ, एजेंसी**

भारतीय टीम विश्व कप 2023 में अभी तक एक भी मैच नहीं हारी है। दूसरी तरफ इंग्लैंड 5 में से 4 मैच गंवा चुकी है। अब इस मैच को जीत टीम इंडिया सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का करना चाहेगी। हालांकि, भारत में हुए विश्वकप मैचों का इतिहास देखें तो इंग्लैंड इंडिया से इंडिया में कभी हारा नहीं है। दोनों देश के बीच में इंडिय में विश्वकप का पहला मैच 1987 में हुआ था। ऐसे में 36 साल से अपनी सरजमीं पर इग्लैंड को न हरा पाने वाले दाग को धोने का भारतीय टीम के पास इससे अच्छा मौका नहीं हो सकता है। लखनऊ के इकाना स्टेडियम पर कल यानी 29 अक्टूबर को इंडिया और इंग्लैंड के बीच विश्वकप का होगा। लखनऊ पहुंची भारत और इंग्लैंड की टीमों ने मैच से पहले शनिवार दोपहर दोनों टीमों ने इकाना स्टेडियम में प्रैक्टिस की। यहां लो स्कोर मैच ही होते आए हैं। अब तक यहां कुल 4 मैच हुए हैं।

### लखनऊ में पहली बार विश्वकप का मैच होगा

लखनऊ में विश्वकप के 48 साल के इतिहास में पहली बार विश्वकप का आयोजन होने जा रहा है। यूपी में इससे पहले साल 1987 और 1996 में कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में मैच खेला जा चुका है। 1987 में श्रीलंका और इंग्लैंड और 1996 में भारत और जिम्बाबे के बीच मैच हुआ था। इस विश्वकप में अभी तक तीन मैच लखनऊ में हुए हैं। ऐसे में इकाना एक ही बार के आयोजन में मैचों की संख्या के मामले में कानपुर से आगे निकल जाएगा। क्योंकि यहां कुल 5 मैच होने है। मैच को लेकर फैंस में भी उत्साह का माहौल है। ऐसे में आज होने वाले मैच में रोमाचंक मुकाबला हो सकता है।




### आज होने वाले भारत और इंग्लैंड के मैच में टूट सकते हैं रिकॉर्ड

इस मैच को लेकर रिकॉर्ड टूटने को लेकर भी चर्चा जारी है। दोनों टीम का विश्वकप में पिछले दो मैच का रिकॉर्ड देखे तो पाएंगे कि जब भी इनके खिलाड़ी पिच पर आए हैं, रनों की बारिश होती रही है। साल 2011 और 2019 में, दोनों ही टीमों ने हर बार 300 से ज्यादा का स्कोर बनाया। ऐसे में अब देखना यह होगा कि भारत और इंग्लैंड के बीच पहले की तरह इस बार भी चौके और छक्के की बारिश होती है या फिर लो स्कोर मैच ही होता है। अगर ऐसा हुआ तो दोनों देशों के बीच 12 साल बाद विश्वकप में 300 से कम का स्कोर बनेगा।

### साल 2011 में 338 रन बने और मैच हुआ था ड्रा

27 फरवरी 2011 को बेंगलुरु में भारत और इंग्लैंड के बीच खेला गया मैच बड़े स्कोर के साथ ड्रा के लिए जाना जाता है। यह मैच अंतिम गेंद तक चला था। भारत ने पहले खेलते हुए 338 रन बनाए। इसमें सचिन ने 115 गेंदों में 10 चौके और 5 छक्के के साथ 120 रनों की पारी खेली। गौतम गंभीर (51) और युवराज सिंह (58) का योगदान दिया। इंग्लैंड की तरफ से टिम ब्रेसनेन ने 5 विकेट झटके। 339 रनों के टारगेट का पीछा करने उतरी इंग्लिश टीम का दारोमदार कप्तान स्ट्रॉस ने अपने कंधों पर लिया और 158 रन बनाए। 145 गेंदों की अपनी पारी में 18 चौके और एक छक्का लगाया। हालांकि उसकेक बाद भी मैच ड्रा रहा।

**2019 में 337 रन बना कर इंग्लैंड जीता:** पिछले विश्वकप यानी 2019 का आयोजक इंग्लैंड था। बर्मिंघम में टीम इंडिया का सामना इंग्लैंड के साथ हुआ। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट के नुकसान पर 337 रन बनाए। जवाब में टीम इंडिया ने 50 ओवर में पांच विकेट पर 306 रन बनाए। इसमें रोहित का शतक और कोहली का अर्धशतक बेकार गया। इंग्लैंड तब 27 साल बाद विश्वकप में भारत के खिलाफ जीता था। इससे पहले इंग्लैंड से 1992 में ऑस्ट्रेलिया में हुए विश्वकप के मैच में भारत को हराया था। जबकि 1999, 2003 में उसको हार मिली थी। जबकि 2011 का मुकाबला ड्रा रहा है।

### एशियन चैंपियनशिप में 5वें स्थान पर रहे मनु, भारत के 28 मेडल

## भाकर ने दिलाया 11वां ओलिंपिक कोटा

**हांगझोऊ, एजेंसी**

टोक्यो ओलिंपिक में देश का प्रतिनिधित्व कर चुके मनु भाकर ने 2024 ओलिंपिक के लिए देश के लिए शूटिंग में 11वां कोटा हासिल किया है। साउथ कोरिया में चल रहे एशियन चैंपियनशिप में उन्होंने 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल में देश को पेरिस का टिकट दिलाया। हालांकि, मनु मेडल जीतने में सफल नहीं हो पाई। वह पांचवें स्थान पर रही। मनु ने 24 स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर रही। टॉप चार शूटरों में 3 शूटर चीन के ही रहे। पहले, तीसरे और चौथे स्थान पर चीनी खिलाड़ी रहीं। जबकि दूसरे स्थान पर ईरान की खिलाड़ी रहीं। चूंकि एक देश से एक इवेंट में दो कोटा ही मिल सकता है। चीन को पहले ही कोटा मिल चुका है। ऐसे में टॉप-2 में आने से भारत को कोटा मिला है। भारत को अब तक चार कोटा मिल चुका है। सबसे पहले एशियन चैंपियनशिप में भारत को 10 मीटर एयर पिस्टल में सरबजोत सिंह ने कोटा दिलवाया। वहीं 10 मीटर एयर राइफल में अर्जुन बाबूता ने सिल्वर जीतकर भारत को 9वां और तिलोत्तमा सेन ने भी 10 मीटर एयर राइफल में सिल्वर मेडल जीतकर भारत को10वां कोटा दिलाया। भारत मेडल टैली में 28 मेडल जीतकर दूसरे स्थान पर है। भारत ने अब तक 11 गोल्ड, 11 सिल्वर और 6 ब्रॉन्ज मेडल जीता है। जबकि चीन ने 36 मेडल के साथ टॉप पर है। वहीं कोरिया ने 23 मेडल के साथ तीसरे और कजाकिस्तान 12 मेडल के साथ चौथे स्थान पर है।

## रोहतक के शक्ति ने गोला फेंक में सिल्वर मेडल जीत लिया

**रोहतक, एजेंसी**

रोहतक के गांव पाक्समा निवासी शक्ति मेहरा ने गोवा में आयोजित नेशनल गेम्स के अंडर 17 की 200 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल जीता। वहीं गोला फेंक में सिल्वर मेडल हासिल किया। शक्ति सिंह ने 23 सेकेंड में 200 मीटर दौड़ लगाकर गोल्ड मेडल हासिल किया है। वह पिछले करीब एक साल से ही गांव में अभ्यास कर रहा था। मेडल जीतकर वापस घर लौटने पर उसका जोरदार स्वागत किया गया।

**Life&Style METRO**

## डेंगू में बच्चों को 2 से 3 दिन बुखार रहता, केयर जरुरी



इन दिनों वायरल फीवर, डेंगू का कहर चल रहा है। बच्चों से लेकर बड़ों तक सर्दी-खांसी, बुखार व डेंगू से परेशान हैं। 10 साल से छोटे बच्चे इसकी चपेट में ज्यादा आ रहे हैं। बच्चों का समय पर उपचार नहीं करवाया तो निमोनिया होने की आशंका भी रहती है। सर्दी व खांसी के दौरान बच्चों को दवा के अलावा सावधानीपूर्वक गर्म पानी की भाप भी दें। बच्चों को ज्यादा खांसी आने पर क्लीनिक या घर पर नेबुलाइज करवाया जा सकता है। बच्चों को दो से तीन दिन बुखार रहता और सर्दी व खांसी का असर आठ से दस दिन तक रहता है। शिशु रोग डॉक्टरों का कहना है कि फिलहाल मौसम में हो रहे बदलाव के साथ तापमान में उतार-चढ़ाव वाली परिस्थितियां वायरस के पनपने के लिए अनुकूल होती है। इस वजह से बच्चे जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बड़ों के मुकाबले कम होती है, वे इसकी चपेट में जल्द आ जा रहे हैं।

### बच्चों को गर्म पानी की भाप दें

यदि बच्चों का ठीक तरीके से उपचार नहीं करवाया जाए या रोग प्रतिरोधक क्षमता अत्यधिक कम हो तो ऐसे बच्चों को निमोनिया होने की आशंका भी रहती है। इसी तरह छह माह से छोटे बच्चों में निमोनिया होने की आशंका भी ज्यादा रहती है। सर्दी व खांसी के दौरान बच्चों को दवाइयों के अलावा यदि गर्म पानी की भाप सावधानीपूर्वक दी जाए तो उससे भी जल्द आराम होता है। बच्चों को ज्यादा खांसी आने पर चिकित्सक की सलाह से क्लीनिक या घर पर नेबुलाइज करवाया जा सकता है। इससे लगातार आ रही खांसी में आराम जल्द मिलता है। इस बार कुछ मरीजों में लिवर की समस्या भी देखी जा रही है। शुरुआत में ही पर्याप्त सतर्कता नहीं बरतने के कारण कुछ मरीजों में प्लेटलेट्स में काफी कम हो जा रही है। डेंगू शॉक या हैमरेजिक समस्या अभी नहीं देखी जा रही है, हो सकता है कुछ स्थानों पर यह समस्या हो। इसमें बुखार, सिरदर्द या बदन दर्द की समस्या सामान्य से थोड़ी गंभीर होती है। लक्षण गंभीर भले हों, लेकिन बीमारी का सही और समुचित इलाज हो सकता है। डेंगू की गंभीरता के चलते जो मरीज पहले-दूसरे दिन ही भर्ती हो जाते हैं, उनका सही इलाज हो जाता है।

### इम्युनिटी को बढ़ाए...

*प्लेटलेट्स 50 हजार से कम हो गई है, तो भी अस्पताल में अवश्य भर्ती हो जाएं और डाक्टर की निगरानी में इलाज शुरू कर दें। स्वस्थ और गुणवत्तापूर्ण भोजन करें। यदि आप स्वस्थ भोजन का सेवन करेंगे और इम्युनिटी बेहतर रहेगी, जीवनशैली दुरुस्त रहेगी, तो जल्दी स्वस्थ हो जाएंगे। तनाव से दूर रहें।*



### जान लें बचाव के उपाय

आसपास पानी जमा न होने दें। कूलर का इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं, तो उसे सुखाकर रख दें। पूरी बांह के कपड़े पहनें। बचाव के लिए मच्छरदानी और रेप्लेंट का इस्तेमाल करें। पैरासिटामोल छोड़कर किसी अन्य दवाई का इस्तेमाल स्वयं से न करें। जो लोग निमूस्लाइड आदि का प्रयोग करते हैं, उन्हें बचना चाहिए। अपने आप स्पंजिंग करनी चाहिए। बुखार हो रहा है तो पैरासिटामोल से कम करें और पानी का भरपूर इस्तेमाल करें। अगर हार्ट या किडनी की समस्या नहीं है, तो तीन से चार लीटर पानी जरूर पिएं। रक्त में पानी की कमी होने से प्लेटलेट्स को ज्यादा नुकसान होता है। इससे ब्लडप्रेशर में कमी आ जा सकती है। यदि खून के धब्बे बन रहे हैं या ब्लीडिंग हो रही है, तो बीपी में तेज गिरावट आ रही है। अस्पताल में भर्ती हो जाएं।

# मानव तस्करी गिरोह की सरगना फर्जी डॉक्टर दिल्ली से गिरफ्तार राजधानी में और भी बच्चों का अपहरण करने की थी योजना

**क्राइम ब्रांच की टीम ने किया एक और बच्चा बरामद**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मानव तस्करी गिरोह की सरगना फर्जी महिला डॉक्टर को क्राइम ब्रांच ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। भोपाल में रैकेट के पांच प्रमुख आरोपी पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं। सीमा विदेश भागने की फिराक में थी। पैसे का इंतजाम करने के लिए वह दिल्ली में छुपी हुई थी। उसे बदरपुर बॉर्डर के पास एक प्राइवेट वाहन से पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में हिरासत में लिया गया। आरोपी महिला के पास एक और बच्चा मिला है। पूछताछ में पुलिस को महिला ने बताया कि बच्चों को गोद लेने की कार्रवाई उसने पूरी की हुई है। पुलिस को आशंका है कि बच्चा महिला ने कहीं से चोरी किया है।

इस मामले में अभी तक अर्चना के लिवइन पार्टनर निशांत राधास्वामी, मुस्कान बानो, सूरज सैनी एवं अक्षरा को गिरफ्तार कर जेल में रखा गया है। गैंग के पास से भोपाल की दो मासूम बच्चियों के अलावा दिल्ली की तीन मासूम बच्ची अभी तक बरामद हुई हैं। बताया गया कि बच्चों का अपहरण कर बेचने का कारोबार चलाने वाली भोपाल मॉड्यूल की लीडर अर्चना सैनी ने पुलिस पूछताछ में सीमा को अपना बॉस बताया था। सीमा के बारे में सभी जानकारियां अर्चना ने ही पुलिस को दी थी। पुलिस की एक टीम अर्चना को लेकर दिल्ली में डेरा डाले हुए थी।

### भोपाल में और बच्चों को बनाना था शिकार

पुलिस की पूछताछ में यह बात सामने आई है कि सभी मिलकर शहर में और अधिक बच्चों का अपहरण करने की योजना बना रहे थे। दशहरे से एक दिन पहले कर्फ्यू माता मंदिर से जिन दो बच्चों को उठाया गया था उन्होंने भागने की कोशिश की थी लेकिन मुस्कान ने उन्हें पकड़ लिया था। इससे पहले कि और बच्चों का अपहरण करते पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।



## झाड़ियों में पन्नी में लिपटा मिला नवजात बच्ची का शव



फाइल फोटो

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित अरविंद विहार में पेट्रोल पंप के पीछे झाड़ियों नवजात बच्ची का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नवजात बच्ची का शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार दिनेश पाल बागसेवनिया में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि कल शनिवार सुबह वह अरविंद विहार अस्सी फीट रोड से गुजर रहे थे। इस दौरान उन्होंने इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पीछे झाड़ियों के पास कुछ लोगों को एकत्रित देखा। भीड़ देखकर वह लोगों के पास पहुंचे तो झाड़ियों में एक सफेद पन्नी के अंदर बच्ची का शव नजर आया था। उन्होंने तत्काल डायल 100 को सूचना दी। डायल 100 और थाने में मौजूद सब इंस्पेक्टर मोहन वर्मा मौके पर पहुंचे थे। इसके बाद पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव पीएम के लिए भेजा गया।

# बीस लाख रुपए के लेनदेन में महिला का कार से अपहरण

**महिला का आरोप: कार में यहां-वहां घुमाते रहे, अश्लील हरकत भी की**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**कोहेफिजा पुलिस ने 42 साल की महिला की शिकायत पर चार आरोपियों पर अपहरण और छेड़छाड़ का केस दर्ज किया है। महिला का आरोप है कि चारों आरोपियों ने कार से अपहरण किया और कार में यहां वहां घुमाते रहे। उसके साथ कार में अश्लील हरकत की गई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

पुलिस के अनुसार 42 साल की महिला इलाके के एक अपार्टमेंट में रहती है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि कुछ समय पहले उसने प्रदीप वर्मा से बीस लाख रुपए उधार लिए थे। उक्त रुपए प्रदीप वर्मा वापस लेने के लिए दबाव बना रहा था। रुपए के लेनदेन का विवाद चल रहा था और प्रदीप के रिश्तेदार संकल्प ने उसे कॉल कर करबला मस्जिद के पास बुलाया था। उसने कहा था कि पैसों के बारे में बैठकर बातचीत कर लेते हैं। महिला अपने बेटे के साथ करबला मस्जिद के पास शुक्रवार शाम पहुंची थी। इस दौरान वहां वर्ना कार में संकल्प सक्सेना, प्रदीप, अभिषेक पांडे, मोहित श्रीवास्तव मिले। आरोपियों ने उसे जबरन कार में खीचकर बिठा लिया और अपने साथ ले गए और कार में आरोपियों ने उससे अश्लील हरकत की है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर शनिवार शाम प्रकरण दर्ज कर लिया।



## नजीराबाद में चैकिंग के दौरान कार से बरामद हुए एक लाख रुपए जब्त

**भोपाल.** चुनाव को लेकर की जा रही चैकिंग के दौरान नजीराबाद में एक कार से बरामद हुए 1 लाख रुपए पुलिस ने जब्त कर लिए हैं। जब्त हुए रुपयों को एसएसटी दल के माध्यम से ट्रेजरी में जमा करवाए हैं। थाना प्रभारी सुनील कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि अवैध गतिविधियों के परिवहन एवं संदेहियों की चैकिंग के लिए जिले में एसएसटी दल एवं पुलिस स्टाफ द्वारा लगातार चैकिंग की जा रही है। शनिवार को नाका सूरजपुरा पर बैरसिया एसडीओपी और थाना प्रभारी नजीराबाद द्वारा चैकिंग की जा रही थी। दोपहर करीब डेढ़ बजे एक व्यक्ति की बलेनो कार को रोका गया। पूछताछ में उसने अपना नाम लोकेंद्र सिंह लोधी निवासी सूरजपुरा बताया। लोकेंद्र ने बताया कि वह भोपाल से गुना जा रहा है। कार की तलाशी में एक लाख रुपये रखे मिले। उक्त राशि को लेकर पुलिस ने कार चालक से पूछताछ की तो वह न तो दस्तावेज दे सका और न ही संतोषजनक उत्तर दे पाया। इसके चलते पुलिस ने एसएसटी दल के प्रभारी उपयंत्री एचपी अहिरवार की उपस्थिति में उक्त राशि जब्त कर ली। इस कार्रवाई में टीआई चतुर्वेदी के साथ एएसआई सीएल यादव, हेड कांस्टेबल हितेंद्र सिंह, आरक्षक देवेंद्र, ग्राम चौकीदार अमन अहिरवार उमरिया एवं रक्षा समिति सदस्य रवि की सराहनीय भूमिका रही।

## सड़क पर खड़ी कार से टकरा कर बाइक सवार गंभीर घायल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**




पिपलानी स्थित रायसेन रोड पर खड़ी एक कार से बाइक सवार युवक जाकर टकरा गया, जिससे उसे गंभीर चोट आई है। मौके पर मौजूद आटो चालक ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। कार को बगैर किसी यातायात संकेत के खड़ा किया गया था, इसलिए पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक डालचंद धानक (48) एन-सेक्टर अयोध्या नगर में रहते हैं और सवारी आटो चलाते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि 26 अक्टूबर की रात करीब ढाई बजे वह कल्पना नगर सहकारी परिसर के सामने खड़े थे और विसर्जन के लिए जाने वाली दुर्गा झाकियों को देख रहे थे। इस दौरान रोड पर एक व्यक्ति ने बगैर किसी यातायात संकेत के अपनी सफेद रंग की कार खड़ी कर दी। कुछ देर बाद पिपलानी पेट्रोल पंप की तरफ से आ रहा बाइक सवार एक युवक उक्त कार से टकरा गया और बाइक समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गया। उन्होंने बाइक सवार से पूछताछ की तो उसने अपना नाम सोनू सैनी निवासी रूपनगर झुग्गीबस्ती बताया और बेहोश हो गया। आसपास के लोगों की मदद से डालचंद ने उसे इलाज के लिए पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया और बाद में थाने जाकर कार चालक के खिलाफ केस दर्ज करवाया।

## करंट की चपेट में आने से छात्रा की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से एक छात्रा की मौत हो गई। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि राजीव नगर निवासी मनीषा पटेल पुत्री रामसुरेश पटेल (20) बीफार्मा की छात्रा थी। शुक्रवार दोपहर वह खि?की के बाहर साफ-सफाई कर रही थी, तभी लोहे की राड हाईटेंशन लाइन से टकरा गई और उसे करंट लग गया। वहीं दूसरी ओर रातीबड़ में 29 वर्षीय सरिता कहार की काम करते समय गिरने से मौत हो गई। अस्पताल की सूचना पर पुलिस ने देर रात में मर्ग कायम कर लिया गया है। पुलिस घटनास्थल पर लोगों से पूछताछ कर रही है।

# नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपी को 20 साल की जेल

### न्यायालय ने आरोपी पर 10 हजार का जुर्माना भी लगाया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बहला फुसलाकर नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले एक आरोपी को न्यायालय ने 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही न्यायालय ने आरोपी पर 10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। यह फैसला 14वें अपर सत्र न्यायाधीश (विशेष न्यायालय पोक्सो) तृप्ति पाण्डेय की अदालत ने सुनाया है। मामले में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक टी.पी. गौतम, गुंजन गुप्ता, सरला कहार द्वारा की गई है।



### यह है पूरा मामला

पीड़िता के पिता ने बागसेवनिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 30 सितंबर 2021 की शाम उनकी नाबालिक बेटी अपनी सहेली के घर कॉपी लेने का कहकर गई थी, जो वापस नहीं आई। पुलिस ने मामला दर्ज कर नाबालिग किशोरी की खोज शुरू की। जब पुलिस को पीड़िता मिली तो उसने बताया कि आरोपी उसकी सहेली का रिश्तेदार है और वह उससे फोन पर बात करती थी। जब वह सहेली के यहां कॉपी लेने गई थी तब आरोपी मिल गया और उसे घूमने का कहकर साथ ले गया। जहां से वह रानी कमलापति स्टेशन पहुंचे और ट्रेन से इंदौर निकल गई। आरोपी ने इंदौर में शादी का कहकर उसकी मर्जी के विरूद्ध शारीरिक संबंध बनाए। आरोपी ने उसे 7-8 दिन साथ रखा और इस दौरान कई बार गलत काम किया।

## शादी का झांसा देकर साल भर किया शारीरिक शोषण

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

युवती को शादी का झांसा देकर बलात्कर किया गया। बताया गया कि युवती की पहचान जुबेर सलमानी नाम के युवक से हुई थी। युवती ने मामले की शिकायत पुलिस को कर दी। पुलिस ने बलात्कार, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रेम-प्रसंग के बाद युवती को शादी का झांसा देकर साल भर तक ज्यादती का मामला सामने आया है। जब युवती ने शादी के लिए दबाव डाला, तो युवक ने मना करते हुए उसके साथ मारपीट कर दी। पुलिस के अनुसार वहीं हरदा जिले में रहने वाली महिला के साथ युवक ने अशोका गार्डन स्थित एक होटल में ले जाकर दुष्कर्म किया। पुलिस ने बताया कि 29 वर्षीय महिला की पहचान जीवनसाथी डॉट कॉम पर संजय पटेल नाम के युवक से हुई थी। पिछले दिनों जब उसने महिला से शादी करने से मना कर दिया, तो महिला ने पुलिस को शिकायत कर दी। अशोका गार्डन पुलिस ने बलात्कार का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# सौतेले पिता ने चौदह साल की बच्ची से किया बलात्कार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित एक आवासीय परिसर में रहने वाली चौदह साल की नाबालिग से सौतेले पिता द्वारा दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना गत 6 सितंबर की बताई जा रही है। महिला थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बलात्कार, पाक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। एसआई मोनिका कुशवाह ने बताया कि 14 साल की किशोरी कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित एक रहवासी परिसर में रहती है। वह महज पांचवी कक्षा तक पड़ी है। उसकी पुराने पति को करीब दस साल पहले छोड़ चुकी है। इसके बाद दूसरे युवक के साथ रह रही है। परिवार में मां बेटी और आरोपी युवक रहता था। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि गत 6 सितंबर को उसकी मां मायके गईड़हुईड़थी। इसी दौरान उसके सौतेले पिता ने रात करीब दस बजे उसे डरा धमकाकर उससे शारीरिक संबंध बनाए। मां के लौटने के बाद पीड़िता ने घटना की जानकारी दी थी। लेकिन लोकलज्जा के कारण वह शिकायत दर्ज नहीं करा सके। इधर आरोपी ने दूसरी बार प्रयास किया तो मां बेटी ने थाने पहुंचकर पुलिस को शिकायत कर दी।



**मेट्रो एंकर** | **निर्माणाधीन मकान की पानी की टंकी में डूब गया**

# मजदूर की मौत के मामले में महिला मकान मालिक पर हुआ केस दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**अयोध्या नगर स्थित एक निर्माणाधीन मकान की पानी की टंकी में डूबने से हुई मजदूर की मौत के मामले में पुलिस ने महिला मकान मालिक महिला के खिलाफ केस दर्ज किया है। मर्ग जांच के दौरान पता चला कि जिस भूमिगत टंकी में डूबने से मजदूर की मौत हुई थी, उस पर सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए गए थे।**

पुलिस के मुताबिक दीपू मालवीय पुत्र बाबूलाल (20) निवासी झील नगर मजदूरी करता था। जुलाई महीने में वह राजीव नगर स्थित एक निर्माणाधीन मकान पर काम करने पहुंचा था। 15 जुलाई 2023 को मकान में काम करते समय वह भूमिगत पानी की टंकी में गिर गया, जिससे डूबने से उसकी मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दीपू की मौत पानी में डूबने से होना बताया गया था। पुलिस ने साथी मजदूरों को बयान लिए और घटनास्थल का निरीक्षण किया। जांच के दौरान पता चला कि जिस टंकी में दीपू गिरा था, उस पर न तो कोई टक्कन लगाया गया था और न ही किसी प्रकार के सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। इस कारण से पुलिस ने मकान का निर्माण कार्य करवाने वाली महिला सरिता पटेल के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।








स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रसलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022